● जयपुर, सोमवार 9 दिसंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 111 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 क्या मुख्यमंत्री अपने दम पर सफल बनाएंगे राइज़िंग राजस्थान को ?...

पेज @4 मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना...

पेज @8 हैरिटेज महापौर कुसुम यादव एवं आयुक्त ने राइजिंग राजस्थान आयोजन से...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज करेंगे राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का शानदार शुभारंभ

सरकार का 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के एमओयू दावा

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजधानी जयपुर में करेंगे। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्रिमंडल और राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य, पांच हजार से अधिक निवेशक, कारोबार और व्यापार जगत के अधिकारी, डेलीगेट्स और अन्य प्रतिभागी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, माननीय प्रधानमंत्री राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो का भी उद्घाटन करेंगे।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वागत भाषण से होगी। जिसके तहत राज्य के विकास के लिए किए जा रहे कामों, राज्य सरकार का एजेंडा और अगले पांच वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना

करके 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य के बारे में मुख्यमंत्री चर्चा कर सकते हैं। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 से पहले 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के लिए एमओयू किए जा चुके हैं।उद्घाटन सत्र में कुमार मंगलम बिड़ला, अनिल अग्रवाल, गौतम अडानी, आनंद महिंद्रा, संजीव पुरी, अजय एस. श्रीराम जैसे शीर्ष उद्योगपति और जापान के राजदूत केइची ओएनओ सहित कई व्यापारिक समूहों के शीर्ष अधिकारी और राजनयिक भी शामिल होने जा रहे हैं। उद्घाटन सत्र में कुछ प्रतिष्ठित उद्योगपति मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रमुख नीतिगत सुधारों और उसके जरिए राज्य में आ रहे बदलाव और कारोबार-व्यापार जगत की व्यावसायिक क्षमता के बारे में अपने-अपने विचार साझा करेंगे। इस इन्वेस्टमेंट समिट में 32 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं, जिनमें 17 देशों की भागीदारी 'पार्टनर कंट्री' के रूप में होने जा रही है। 34 देशों में, 17 देश इन्वेस्टमेंट समिट के 'पार्टनर कंट्री'इस तीन दिवसीय इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान प्रतिभागी देशों और राजस्थान के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए कुल 8 देशों के लिए कंट्री सेशन्स और राउंडटेबल का आयोजन भी किया जा रहा है। भाग लेने वाले 34 देशों में, 17 देश इन्वेस्टमेंट समिट के 'पार्टनर कंट्री' हैं, जिनमें डेनमार्क, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, मलेशिया, स्पेन, क्यूबा, वेनेजुएला, मोरक्को, अर्जेंटीना, ब्राजील, कोस्टा रिका, नेपाल, ओमान, पोलैंड और थाईलैंड शामिल हैं। बांकी देश, जो विभिन्न क्षमताओं में इस इन्वेस्टमेंट समिट में भाग ले रहे हैं, उनमें अमेरिका, यूके, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, मिस्र, फिनलैंड, रूस, सेशेल्स, चाड, इक्वाडोर, घाना, इराक, मेडागास्कर, पैराग्वे और जिम्बाब्वे शामिल हैं।

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री आज राजस्थान और हरियाणा का करेंगे दौरा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार 9 दिसंबर को राजस्थान और हरियाणा का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री 9 दिसंबर को जयपुर जाएंगे और सुबह करीब 10:30 बजे जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 और राजस्थान वैश्विक व्यापार एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री इसके बाद हरियाणा जाएंगे और दोपहर करीब 2 बजे पानीपत में महिला सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप ह्यबीमा सखी योजनाह्न का शुभारंभ करेंगे। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की यह पहल 18-70 वर्ष की आयु की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई है, जो दसवीं कक्षा पास हैं। प्रधानमंत्री भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे।

महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र में 280 विधायकों ने ली शपथ

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र के दूसरे दिन रविवार को 107 सदस्यों ने विधायक पद की शपथ ली। शनिवार और रविवार को कुल 280 सदस्य विधायक पद की शपथ ले चुके हैं। इन सभी सदस्यों को अस्थाई अध्यक्ष कालीदास कोलंबकर ने विधायक पद की शपथ दिलाई है। अभी 8 विधानसभा सदस्य विधायक पद की शपथ नहीं ले सके हैं, जिन्हें बाद में विधानसभा अध्यक्ष के चेंबर में शपथ दिलाई जाएगी। शनिवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार सहित 173 सदस्यों ने शपथ ली थी, जबकि आज 107 सदस्यों ने शपथ ली।

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में दो पुलिसकर्मियों की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में रविवार सुबह एक संदिग्ध घटना में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिस ने एक बयान में कहा कि सुबह करीब साढ़े छह बजे पुलिस स्टेशन रहमबल में पुलिस को सूचना मिली कि विभाग के वाहन में सोपोर से रियासी जिले के तलवाड़ा ट्रेनिंग सेंटर की ओर जा रहे दो पुलिसकर्मी गोलीबारी के कारण घायल हो गए हैं। बयान में कहा गया, 'शुरूआती जांच से पता चला है कि यह हत्या और उसके बाद आत्महत्या का मामला है।' इस बीच, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और जांच शुरू कर दी है।

नक्सलियों द्वारा लगाये गये पांच किलो का आईईडी बरामद

बीजापुर। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत आज रविवार को 168 केरिपु की टीम ग्राम पेददागेलुर की ओर सर्चिंग अभियान पर रवाना हुई थी। ग्राम पेददागेलुर पंहुच मार्ग पर मोकुर पटेलपारा के पास पहाड़ी के नीचे छोटे नाला के पास पगडंडी कच्चे मार्ग पर नक्सलियों द्वारा कमांड स्विच सिस्टम के साथ लगाये गये 5 किग्रा वजनी एक आईईडी बरामद किया है। डि-माईनिंग के दौरान केरिपु डॉग स्क्वाड एवं 168 केरिपु बीडीएस की टीम ने नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलो को क्षति पहुंचाने की नीयत से लगाये गये आईईडी को सुरक्षित तरीके से बरामद कर मौके पर ही निष्क्रिय कर नक्सलियों के नापाक मंसूबो को विफल कर दिया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीआईआई की नेशनल काउंसिल को किया संबोधित

राजस्थान की औद्योगिक समृद्धि की आधारशिला है 'राइजिंग राजस्थान'

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 8 दिसंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राजस्थान की औद्योगिक समृद्धि की आधारशिला है। राजस्थान में मिनरल्स, प्राकृतिक गैस, पर्यटन, शिक्षा, चिकित्सा, ऑटोमोबाईल सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के साथ हमारे 'विकसित राजस्थान' के विजन को साकार करते हुए देश और प्रदेश को आगे बढ़ाना है।शर्मा ने रविवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की नेशनल काउंसिल के सदस्यों को इंटरेक्शन के दौरान संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट के आयोजन में सीआईआई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही निवेशकों और राज्य सरकार के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य किया है। इन्होंने अपने संगठनात्मक कौशल से इस समिट को एक ऐसा प्लेटफॉर्म बना दिया है, जहां विचारों का आदान-प्रदान, साझेदारी और भविष्य के विकास की एक मजबूत नींव रखी जा रही है।

राइजिंग राजस्थान से उद्योगों को मिलेगा अंतर्राष्ट्रीय बाजार, निवेशक बनेंगे प्रगति का हिस्सा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

राजस्थान को विकास, निवेश और रोजगार के नए युग में ले जाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास, आधारभूत ढांचा, निवेश के लिए सकारात्मक वातावरण, पारदर्शी व्यवस्था, नवाचार और बदलती तकनीकों के साथ बदलाव के प्रत्येक पहलू पर काम किया जा रहा है, ताकि राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत और स्थिर होने के साथ ही निवेशकों का विश्वास कायम रहे। उन्होंने आह्वान किया कि राजस्थान को विकास, निवेश और रोजगार के नए युग में ले जाने के लिए साथ मिलकर काम करें और राज्य की अर्थव्यवस्था को 5 वर्षों में दोगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान दें।

नवीन औद्योगिक क्षेत्रों से उद्योगों को मिल रहा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पांच नवीन औद्योगिक क्षेत्रों सत्तासर जिला-बीकानेर, बलारिया जिला-सवाई माधोपुर, जटलाव जिला-सवाई माधोपुर, रामसर जिला-बाड़मेर एवं राजास जिला-नागौर का नामकरण श्रीराम जानकी औद्योगिक क्षेत्र कर इन्हें भूखंड आवंटन हेतु खोल दिया है। साथ ही 8 और औद्योगिक क्षेत्रों बिचुन-जयपुर,दुब्बी-बिदरखा-सवाई माधोपुर, चडुआल-आबूरोड, झाक-सेकेंड-जोधपुर, बबाई-झुंझुनूं, गणेश्वर-सीकर, पालरा विस्तार-अजमेर एवं रामनगर थोब-बालोतरा की स्थापना का कार्य भी प्रारंभ कर दिया है। इस अवसर पर मुख्य आर्थिक सलाहकार भारत सरकार वी.अनंथा नागेश्वरन, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, संयुक्त सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) सिद्धार्थ सिहाग, सीआईआई अध्यक्ष संजीव पुरी, उद्योगपति अनिल अग्रवाल, आर. मुकुंदन, राजीव मेमनी, दीपक शेट्टी, माधव सिंघानिया सहित अन्य उद्योगपति एवं सीआईआई के वरि पदाधिकारी मौजूद रहे।

राजस्थान में निवेश कर प्रगति को बढ़ाएंगे निवेशक

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीआईआई के सहयोग और समर्थन से निवेशकों के लिए एक समृद्ध एवं परिपक्वमंच तैयार हुआ है। राज्य सरकार के कार्यकाल के प्रथम वर्ष में इस समिट का आयोजन इसलिए किया जा रहा है, ताकि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि इस समिट को राज्य में पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टमेंट मीट के रूप में भी आयोजित किया जा रहा है। इससे राजस्थान के उद्योगों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार मिलने के साथ ही विभिन्न देशों के निवेशक राजस्थान में निवेश कर प्रगति को और बढ़ा सकेंगे।

राइजिंग राजस्थान में अब तक हुए 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में अब तक 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि के एमओयू किए जा चुके हैं, जो राज्य में निवेशकों के अद्वितीय एवं नवीन विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए पॉलिसी फ्रेमवर्क में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए हैं। कुछ समय पहले लांच की गई रिप्स 2024 के बाद नौ और नीतियां 4 दिसम्बर को लांच की हैं।

राजस्थान की आर्थिक प्रगति के लिए हो रहे व्यापक प्रयास

शर्मा ने कहा कि राजस्थान की आर्थिक प्रगति के लिए 53 हजार किलोमीटर लंबी सड़कें, 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे तथा ऊर्जा के क्षेत्र में 30 गीगावाट से 5 वर्षों में 125 गीगावाट के लक्ष्य को सामने रखकर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही राज्य के कोने-कोने में पानी की पर्याप्त उपलब्धता के लिए व्यापक एवं महत्वाकांक्षी प्रयास प्रारंभ कर दिए गए हैं, जिसके नतीजे शीघ्र सामने आएंगे।

संजय सेठ को जान से मारने की धमकी देने का मामला

पुलिस के हत्थे चढ़ा एक आरोपी

वरीय संवाददाता

रांची। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी थी। दिल्ली पुलिस ने रांची पुलिस के सहयोग से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि कांके थाना क्षेत्र स्थित रहने वाला मिन्हाजुल ने अपनी बेटी के बॉयफ्रेंड मोईज को फंसाने के लिए मोईज के नाम से इश्यू सिमकार्ड से संजय सेठ के मोबाइल पर धमकी दिया था। इस मामले में पुलिस मिनाजुल को गिरफ्तार किया है।

जाने कैसे रची गई साजिश

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मिनाजुल की बेटी नाजमीन का मोईज नाम के लड़के से संबंध था। जिससे मिनहाजुल नाराज था। मोईज ने प्रेमिका को एक मोबाइल और अपने नाम से एक सिम दिया था। इसी दौरान मिन्हाजुल ने बेटी के प्रेमी मोईज को फंसाने के लिए बेटी के मोबाइल से सांसद को धमकी दे दिया।

दिल्ली पुलिस जांच के लिए पहुंची थी रांची

दिल्ली पुलिस पुलिस की टीम जांच के लिए रांची पहुंची थी। शनिवार को रांची पहुंचने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम कांके थाना क्षेत्र स्थित होचर गई है। गौरतलब है कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को लाल सलाम के साथ संदेश भेजा गया है। इतना ही नहीं रंगदारी नहीं देने पर संजय सेठ को जान से मारने की धमकी भी दी गई है। धमकी वाला मैसेज उनके मोबाइल नंबर पर आया है। मैसेज भेजकर उनसे 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। संजय सेठ रांची सांसद होने के साथ-साथ देश के रक्षा राज्य मंत्री भी हैं। पुलिस को रक्षा राज्य मंत्री के द्वारा दी गई सूचना के बाद इस मामले में जांच शुरू कर दी गई। साथ ही झारखंड डीजीपी को अवगत करा दिया गया था।

सीमा सुरक्षा बल का 60वां स्थापना दिवस समारोह

बीएसएफ ने देश की 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' को मजबूत किया : अमित शाह

एजेंसी

जोधपुर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के सुरक्षा परिदृश्य में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है और इसमें हमारे सीमा सुरक्षा बल के जवानों का योगदान स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। छह दशकों से साहस, शौर्य और बलिदान के बल पर ही सीमा सुरक्षा बल ने देश की 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' को मजबूत करने का काम किया है। बीएसएफ ने सीमा पर आने वाली सभी चुनौतियों का मुकाबला कर देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को सशक्त किया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह रविवार को जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। शाह परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

गृह मंत्री ने कहा कि आठ दिसंबर 1965 से लेकर आज तक निरंतर देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमा को सुरक्षित रखने का बीएसएफ का रिकॉर्ड शानदार रहा है। बीएसएफ के 1992 जवानों ने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है, जिसके लिए देश की जनता सदैव उनकी ऋणी रहेगी।

छह दशकों से सीमा सुरक्षा बल ने हमारी सुरक्षा को चाक-चौबंद रखा है। देश की बढ़ती सुरक्षा जरूरतों को बीएसएफ के बिना पूरा करना असंभव है इसीलिए 25 बटालियन से शुरू हुआ ये बल आज 193 बटालियन तक पहुंच गया है।

विश्व का सबसे बड़ा सीमारक्षक बल

शाह ने कहा कि दो लाख 70 हजार जवानों की संख्या वाला ये विश्व का सबसे बड़ा सीमारक्षक बल है। बीएसएफ ने 2024 में भी जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ने का अपना रिकॉर्ड अनेक अभियानों के माध्यम से बरकरार रखा है। देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में 1992 सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है और अब तक उनमें से 1330 जवानों को पदक दिए गए हैं। इनमें एक महावीर चक्र, छह कीर्ति चक्र, 13 वीर चक्र, 13 शौर्य चक्र, 56 सेना मैडल और 1241 पुलिस पदक शामिल हैं।

भीमराव रामजी अंबेदकर भारतीय संविधान के निमार्ता

प्रत्येक स्वाधीन राष्ट्र की शासन व्यवस्था उसके संविधान से संचालित होती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विविधताओं से भरे भारत जैसे देश में संविधान का निर्माण एक कठिन कार्य था। संविधान निर्माण हेतु संविधान सभा की अग्रणी विभूतियों में थे- डॉ भीमराव रामजी अंबेदकर, जिनकी अध्यक्षता में गठित प्रारूप समिति ने संविधान को मूर्तरूप प्रदान करने में अहम भूमिका निभायी।

भीम राव अंबेदकर का जन्म मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू के सेना मुख्यालय में 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। सन 1906 में चौदह वर्ष की अल्प आयु में उनका विवाह 9 वर्षीय रमा बाई से हो गया। सन 1912 में उन्होने मुंबई विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की। 4 जून 1913 को अंबेदकर और महाराजा सयाजीराव के बीच समझौता हुआ कि अपने अध्ययन के बाद वे बड़ौदा राज्य की सेवा करेगे। जुलाई 1913 के तीसरे सप्ताह में उन्होंने गायकवाड छात्रवृति के साथ अमेरिका स्थित कोलम्बिया विश्वविद्यालय में नामांकन लिया। किसी विदेशी विश्वविद्यालय में अध्ययन करने वाले वे पहले महार दलित थे। जून 1915 में अंबेदकर ने अर्थशास्त्र में एमए तथा जून 1916 में पीएचडी उपाधि प्राप्त की। अक्टूबर 1916 में उन्हें कानून के ग्रेज इन में प्रवेश मिल गया।

महाराजा सयाजीराव छात्रवृति की अवधि समाप्त होने के कारण वे घर लौट आए। 1917 में अंबेदकर बड़ौदा महाराजा के सैन्य सचिव बनाये गये। उन्होंने जाति व्यवस्था के बदसूरत चेहरे को पूरे स्वरूप में देखा। अपने साथ दुर्व्यवहार के कारण उन्होने बड़ौदा छोड़ दिया तथा नवंबर 1917 में मुंबई लौट आए। नवंबर 1918 में उन्हें स्यडेनएहम कॉलेज में राजनैतिक अर्थव्यवस्था के व्याख्याता का पद मिल गया। वे नवंबर 1918 से 11 नवंबर 1920 तक कॉलेज में बने रहे तथा उसके बाद लंदन में विधि एवं अर्थव्यवस्था के अपने अध्ययन को पुनः प्रारंभ करने के लिए अपने पद से त्याग पत्र दे दिया। 31 जनवरी 1920 को भारत में दलित वर्गो के उद्देश्य को समर्थन देने के लिए 'मूक-नायक' नाम से एक साप्ताहिक प्रारंभ किया। उन्होंने शाहूजी महाराज की अध्यक्षता में सन 1918 में नागपुर में और 21 मार्च 1920 को कोल्हापुर में आयोजित दलित वर्गो के सम्मेलन में भाग लिया।

सितंबर 1920 में उन्होने अर्थव्यवस्था और राजनीतिक विज्ञान के लंदन स्कूल में पुनः नामांकन लिया तथा ग्रेज इन से विधि के उपाधि के लिए अहर्ता प्राप्त की। अप्रैल 1923 में उन्होने भारत के राज्य सचिव ईएस मोन्टग एवं विट्ठल भाई पटेल से मुलाकात की और भारत में अछूतों की समस्याओं पर विचार किया। 9 जुलाई 1924 को उन्होने दलित वर्गो में शिक्षा के प्रसार, आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए बहिष्कृत हितकारिणी सभा का गठन किया। 3 अप्रैल 1927 को उन्होंने 'बहिष्कृत भारत' नामक समाचार पत्र प्रारंभ किया तथा महाड़ में मंदिर में प्रवेश के लिए सत्याग्रह प्रारंभ किया। 1927 में उन्हें मुम्बई विधान परिषद के लिए नामांकित किया गया। 1928 में वे मुंबई के सरकारी लॉ कॉलेज में व्याख्याता बने। उसी वर्ष उन्होंने साईमन कमीशन के समक्ष दलितों के लिए पृथक निर्वाचन क्षेत्र की मांग की। नवंबर 1930 में लंदन में आयोजित प्रथम गोलमेज सम्मेलन में दलितों के प्रतिनिधि के रूप में उन्हें आमंत्रित किया गया। अगस्त 1931 में लंदन में हीं आयोजित द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में दलितों का प्रतिनिधित्व करने संबंधी गांधीजी के दावे का उन्होने विरोध किया।

अगस्त 1932 में रामसे मैकडोन्लड ने दलितों को पृथक निर्वाचन क्षेत्र संबंधी साम्प्रदायिक पंचाट प्रकाशित किया जिसके विरोध में गांधीजी ने आमरण उपवास प्रारम्भ कर दिया। 25 सितम्बर 1932 को अम्बेदकर (वंचित समुदाय की ओर से) एवं मदनमोहन मालवीय (अन्य हिन्दुओं की ओर से) के द्वारा 'पूना पैक्ट' पर हस्ताक्षर किए गए तथा पृथक निर्वाचन क्षेत्र संबंधी आदेश वापस ले लिया गया। 1933-34 में लंदन में आयोजित तृतीय गोलमेज सम्मेलन में उन्होने भाग लिया। अंबेदकर ने भारत सरकार अधिनियम 1935 के तहत स्वतंत्र लेबर पार्टी का गठन किया। पार्टी ने मुम्बई विधान मंडल के लिए 17 सीटों पर चुनाव लड़ा और 14 सीटें जीत लीं। सन 1938 में कांग्रेस पार्टी द्वारा ह्यह्य अछूतह्यह्य शब्द को 'हरिजन' शब्द से परिवर्तित करने संबंधी विधेयक का उन्होने विरोध किया।

जुलाई 1942 से जुलाई 1946 तक वे भारत के गवर्नर जेनरल की कार्यकारी परिषद के लिए लेबर सदस्य नियुक्त रहे। नवंबर 1946 में वे बंगाल से संविधान सभा के लिए निर्वाचित किए गए। 29 अगस्त 1947 में सरदार पटेल की पहल पर वे भारत के संविधान के निर्माण हेतु बनी मसौदा समिति के अध्यक्ष बनाए गए। 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त वे नेहरू मंत्रिमंडल में कानून मंत्री बने। 27 नवंबर 1949 को अम्बेदकर ने सरकार को भारत का संविधान प्रस्तुत किया। अनुसूचित जातियों के प्रति सरकार की उदासीनता, भारत की विदेश नीति एवं हिन्दू संहिता विधेयक पर मतभेद होने पर सन 1951 में उन्होंने मंत्रिमंडल से त्याग-पत्र दे दिया। दक्षिण एशिया में इस्लाम की कुरीतियों के वे कटु आलोचक थे। उन्होंने भारत विभाजन की वकालत की तथा मुस्लिम समुदाय में बाल विवाह और महिलाओं के पर्दा प्रथा की निंदा की। जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने संबंधी संविधान में धारा-370 के समाहन से वे सहमत नहीं थे। परन्तु नेहरू द्वारा इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाये जाने के कारण वे इसका विरोध नहीं कर सके।

15 अप्रैल 1948 को उन्होंने मुम्बई की डॉ शारदा कबीर नामक ब्राह्मण युवती से दूसरी शादी कर ली जो कालांतर में सविता अंबेदकर के नाम से जानी गयीं। जुलाई 1951 में उन्होने भारतीय बौद्ध जनसंघ तथा मई 1955 में भारतीय बौद्ध महासभा की स्थापना की। 14 अक्टूबर 1956 को अम्बेदकर ने नागपुर में एक ऐतिहासिक समारोह में 5 लाख लोगों के साथ बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। 6 दिसंबर 1956 को अपने भीमकाय कार्य को छोड़ उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस ली।

कैसे बढ़े चुनावों में मतदान का प्रतिशत

डॉ. आरके सिन्हा

महाराष्ट्र और झारखंड विधान सभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। अब दोनों राज्यों में नई सरकारों का गठन भी हो गया है । झारखंड और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है। महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है: पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। लेकिन, प्रश्न यह उठता है कि क्या मतदान का यह प्रतिशत क्या किसी भी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं! तो फिर किया क्या जाये! पर यह तो पूरे तो पूरे देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को यह सोचना ही होगा कि चुनावों में मतदान को कैसे बढ़ाया जा सकता है। यह गंभीर मसला है। जैसा कि मैंने ऊपर कहा है कि महाराष्ट्र विधान सभा के लिए हुए चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है: पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। महाराष्ट्र के आंकड़ों पर इसलिए गौर किया जाता है क्योंकि राज्य में देश की सबसे बड़ी शहरी आबादी है, और ऐतिहासिक रूप से यह शहरों और कस्बों में कम मतदान के कारण औसत राष्ट्रीय मतदान से पीछे रहा है। हालांकि, महाराष्ट्र के आंकड़े का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। उदाहरण के लिए, पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 76.25% का उच्च मतदान दर्ज किया गया, उसके बाद गढ़चिरौली का स्थान है, जो माओवादियों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है , जहाँ 73.68% मतदान हुआ है, जबकि मुंबई शहर जिले में 52.07% का कम मतदान हुआ। पुणे, ठाणे और मुंबई उपनगरीय जैसे अन्य शहरी जिलों में भी इसी तरह के आंकड़े दर्ज किए गए हैं। हालांकि, सकारात्मक पहलू यह है कि पूरे राज्य में मतदान में समग्र सुधार हुआ है। इस बदलाव का श्रेय, हालांकि अपेक्षाकृत धीमा और क्रमिक है, इसका मुख्य रूप से श्रेय भारत के वर्तमान चुनाव आयोग को जाता है। मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस

बार काफी सक्रिय था। इसके अभियान में, सोशल मीडिया सहित, स्थानीय हस्तियों - क्रिकेटरों से लेकर फिल्म सितारों तक को भी शामिल किया गया है, और इसमें ऊँची इमारतों और आवासीय सोसायटियों में मतदान केंद्र स्थापित करना और कतार में लगने के समय को कम करने के लिए टोकन प्रणाली शामिल है। राजनीतिक दलों के उच्च-वोल्टेज अभियानों ने भी मतदाता भागीदारी बढ़ाने में मदद की है।महाराष्ट्र में बेहतर मतदान भारतीय लोकतंत्र के लिए आश्वस्त करने वाला है। हालांकि यह मानना होगा कि देश के शहरी इलाकों में मतदान कमोबेश कम ही रहता है।शिमला से सूरत तक शहरी मतदाता की उदासीनता लगातार बनी हुई है। यह रुझान नया नहीं है। चुनावों के पहले तीन दशकों में, शहरी मतदाताओं की भागीदारी काफी बेहतर रहती थी। 1980 के दशक से शहरी और ग्रामीण मतदान के बीच का अंतर बढ़ गया है। शहरी उदासीनता को समझना होगा। शहरी भारत का जीडीपी में 60% और करों में बहुत बड़ा हिस्सा है। पर हमारे यहां के शहरों की हालत लगातार खराब हो रही है। आजकल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर जिस तरह का हो गया है, उसने आम लोगों का जीना दूधर कर दिया है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है। यह तो राजधानी की हालत है। गुजरे कुछ सालों के दौरान दिल्ली, मुंबई, चैन्नई, बैंगलुरू जैसे देश के अति अहम महानगर बारिश से जलमग्न होते रहे। इनमें जिंदगी कई दिनों तक थमी रही। सड़कों पर जलभराव के कारण जाम लग गए, रेल सेवा प्रभावित हुई, घरों में पानी जाता रहा, स्कूल-कॉलेज बंद हो गए। देश के इन खासमखास शहरों की तस्वीर बहुत कुछ बयां कर गई। यह कोई पहली बार नहीं हुआ। यह स्थिति हर साल होती है, योजनाएं बनती हैं ताकि बारिश के बाद होने वाली अव्यवस्था और अराजकता की पुनरावृत्ति ना हो। पर योजनाएं फाइलों में गुम हो जाती हैं। यह समझना होगा कि शहरी भारत, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश का लगभग सारा सेवा क्षेत्र (सर्विस सेक्टर) शहरों में ही सिमटा है। जनगणना के आंकड़ों को माने तो देश की 31 फीसद आबादी शहरों में रहती है। हालांकि गैर-सरकारी आंकड़ें शहरी आबादी कहीं अधिक होने का दावा करते हैं। इन शहरों में रोजगार के अवसर हैं। सारे देश के नौजवानों के सपने इन्हीं शहरों में पहुंचकर साकार होते हैं। पर नीति निर्धारकों के फोकस से कहीं दूर बसते हैं शहर। जाहिर है, इस कारण से मतदाता निराश होने लगता है अपने जनप्रतिनिधियों से। उसे लगता है कि जब उसके नेता निकम्मे होंगे तो वह वोट क्यों करे। मतदाताओं को नेता बार-बार निराश करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों को समझना होगा कि अगर देश में मतदान केन्द्रों की तरफ फिर से मतदाताओं को बड़े पैमाने पर लाना है, तो उसकी जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है। उन्हें भी जनता से सीधा संपर्क बनाकर रखना होगा। उन्हें भी जनता के मसलों को लेकर संवेदनशील बनना होगा। आपको याद ही होगा पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त लगभग सारे में देश सूरज देवता आग उगल रहे थे। फिर भी मतदाता मतदान करने के लिए घरों से निकल रहे थे। मतदान वाले दिन कई जगहों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर था। लू भी चल रही है। इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात नहीं थी। इतने खराब मौसम में भी देश के लाखों-करोड़ों मतदाता घरों से निकलकर वोट तो दे ही रहे थे । यह सुखद भी है और हमारे मजबूत लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत भी है। आखिर देश के जनमानस को पता है कि उनके वोट से ही देश की तकदीर लिखी जाएगी। इसलिए ही लोग वोट देकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का भरपूर इस्तेमाल करते हैं। पहले से ही सक्रिय, चुनाव आयोग को अधिक से अधिक मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए, मतदान केंद्रों को अधिक सुलभ और आकर्षक बनाना होगा। इसमें पर्याप्त पार्किंग और आरामदायक प्रतीक्षा क्षेत्र जैसे सुधार शामिल हो सकते हैं। दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर में ही वोट देने की सुविधा दी जा सकती है। फिलहाल तो दिव्यांग जनों को मतदान केन्द्रों में काफी कष्ट होता है। इस तरफ गंभीरता से सोचना होगा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि पंचायत, नगरपालिका, विधान सभा और लोकसभा चुनावों में मतदान को बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है। इस दिशा में कई स्तरों पर काम करना जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब

डॉ. सत्यवान सौरभ

हाल ही में एक जांच से पता चला है कि नशीली दवाओं की लत की महामारी, जो ज्यादातर युवा पुरुषों को प्रभावित कर रही है, पूरे भारत में फैल रही है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग भारत में महत्त्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य मुद्दा है। भारत की विविध आबादी, बड़ी युवा जनसांख्यिकी और आर्थिक असमानताएँ देश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की जटिल प्रकृति में योगदान करती हैं। सांस्कृतिक मूल्यों को बदलना, आर्थिक तनाव में वृद्धि और सहायक सम्बंधों में कमी से पदार्थ का उपयोग शुरू हो रहा है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 10 से 75 वर्ष की आयु के 16 करोड़ लोग (14.6%) शराब के वर्तमान उपयोगकर्ता हैं और उनमें से 5.2% शराब पर निर्भर हैं। लगभग 3.1 करोड़ व्यक्ति (2.8%) भांग उपयोगकर्ता हैं और 72 लाख (0.66%) लोग भांग की समस्या से पीड़ित हैं। 7% बच्चे और किशोर इनहेलेंट का इस्तेमाल करते हैं, जबकि वयस्कों में यह दर 0.58% है। लगभग 18 लाख बच्चों को इनहेलेंट के इस्तेमाल के लिए मदद की जरूरत है। अनुमान है कि लगभग 8.5 लाख लोग इंजेक्शन के जरिए ड्रग्स ले रहे हैं। भारत में ड्रग्स की सबसे चिंताजनक श्रेणी ओपिओइड है, भारत में ओपिओइड के इस्तेमाल का प्रचलन वैश्विक औसत (0.7% बनाम 2.1%) से तीन गुना ज्यादा है। सभी ड्रग श्रेणियों में, ओपिओइड समूह (विशेष रूप से हेरोइन) की ड्रग्स बीमारी, मृत्यु और विकलांगता की सबसे ज्यादा दरों से जुड़ी हैं। ड्रग के दुरुपयोग से कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें लीवर की बीमारी (शराब से), संक्रामक रोग (इंजेक्शन ड्रग के इस्तेमाल में सुइयों को साझा करने के कारण) और ओवरडोज से होने वाली मौतें शामिल हैं। साथ ही, मादक द्रव्यों के सेवन का मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसे अवसाद और चिंता से गहरा सम्बंध है। यह मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है या नए लोगों के विकास को जन्म दे सकता है। ड्रग के दुरुपयोग से परिवार टूट सकते हैं, संघर्ष बढ़ सकते हैं और परिवारों के भीतर भावनात्मक आघात हो सकता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित परिवारों में बच्चों को उपेक्षा, दुर्व्यवहार और शिक्षा में बाधा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी समग्र भलाई प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को अक्सर सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है, जो उनके ठीक होने और समाज में फिर से शामिल होने में बाधा बन सकता है। परिवार के किसी सदस्य की लत को सहने की लागत और उससे जुड़े चिकित्सा व्यय के कारण परिवारों को अक्सर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता

है। अधिकांश नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं, नशीली दवाओं की लत के कारण कार्यस्थल पर अनुपस्थिति और उत्पादकता में कमी आ सकती है। हिंसा और अपराध में वृद्धि नशीली दवाओं के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष प्रभाव है। नशे के आदी लोग अपनी दवाओं के भुगतान के लिए अपराध का सहारा लेते हैं। नशीली दवाएँ संकोच को दूर करती हैं और निर्णय लेने की क्षमता को कम करती हैं, जिससे व्यक्ति अपराध करने के लिए प्रेरित होता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के साथ छेड़छाड़, समूह संघर्ष, हमला और आवेगपूर्ण हत्याओं की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। आम आबादी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के जोखिमों और इसके परिणामों के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अलावा, स्कूलों और समुदायों में लोगों, विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन के विकार वाले व्यक्तियों को कलंकित करने से वे सहायता और समर्थन प्राप्त करने से हतोत्साहित हो सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं और समाज में बड़े पैमाने पर भेदभाव उपचार और पुनर्वास सेवाओं तक पहुँच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। नशीली दवाओं की लत के उपचार सुविधाओं और योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर सीमित शोध है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और कार्यक्रम विकास में बाधा डालता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग की छिपी और कलंकित प्रकृति के कारण सटीक डेटा एकत्र करने में भी चुनौतियाँ हैं। प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों के करीब भारत की भौगोलिक स्थिति इन दवाओं की आसान उपलब्धता की ओर ले जाती है। इसके अलावा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के लिए 'डार्क नेट' और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने का चलन बढ़ रहा है। भारत में नए साइकोएक्टिव पदार्थों की खपत बढ़ रही है और ये पदार्थ अक्सर मौजूदा दवा नियंत्रण नियमों के दायरे से बाहर हो जाते हैं, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए उन्हें प्रभावी ढंग से मॉनिटर और विनियमित करना चुनौती बन जाता है। व्यापक विधायी नीति तीन केंद्रीय अधिनियमों में निहित है, अर्थात औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940, स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम। यह भारत में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन के लिए नोडल एजेंसी है। इसकी स्थापना 1986 में देश भर में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन प्रयासों के समन्वय के लिए की गई थी। नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन में हितधारकों की बहुलता ने वास्तविक समय के आधार पर विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को आवश्यक बना दिया है। गृह मंत्रालय ने जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक देश भर के हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाने और नशीली दवाओं के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार-स्तरीय समन्वय तंत्र का गठन किया है। शीर्ष एनसीओआरडी, कार्यकारी एनसीओआरडी, राज्य एनसीओआरडी और ज़िला कॉर्ड तंत्र के चार स्तंभ हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) नशे की लत के लिए एकीकृत पुनर्वास केंद्रों (आईआरसीए) के रखरखाव के लिए गैर सरकारी संगठनों और स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ये केंद्र मादक द्रव्यों के सेवन के विकारों वाले व्यक्तियों को व्यापक पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करते हैं। एमओएसजेई ने 2018-2025 के लिए एनएपीडीडीआर शुरू किया। योजना का उद्देश्य बहुआयामी रणनीति के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रतिकूल परिणामों को कम करना है। सरकार को सीमा शुल्क, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य पुलिस बलों सहित नशीली दवाओं के नियंत्रण में शामिल कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत करने के लिए उपाय करने चाहिए। इसमें उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, तकनीक और संसाधन प्रदान करना शामिल हो सकता है। गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी जैसे सामाजिक-आर्थिक कारक नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी में योगदान कर सकते हैं। इसलिए, सरकार गरीबी कम करने के उपायों, रोजगार सर्जन योजनाओं और शिक्षा तक पहुँच बढ़ाकर इन मुद्दों को सम्बोधित कर सकती है। नशीली दवाओं की मांग को कम करने के लिए समुदाय-आधारित रोकथाम कार्यक्रम, शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने के लिए एक समग्र और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें रोकथाम, शिक्षा, उपचार, नुकसान में कमी, नीति सुधार और समुदाय की भागीदारी में वृद्धि शामिल है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रभाव को कम करने के लिए सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, गैर सरकारी संगठनों और समुदाय के बीच सहयोग आवश्यक है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

दावों और हकीकत के बीच भ्रमित समाज



तनवीर जाफरी

बावजूद इसके कि मेडिकल साइंस काफी तरक़्क़ी कर चुकी है और नित्य होने वाले अनुसंधानों ने लगभग सभी रोगों के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम भी दिये हैं। यहाँ तक कि कैंसर नामक सबसे घातक बीमारी के क्षेत्र में भी हुये अनेक नए शोध व अनुसंधानों ने कैंसर के मरीजों के इलाज में भी सकारात्मक परिणाम हासिल किये हैं। उसके बावजूद अभी भी कैंसर को दुनिया के सबसे खतरनाक व जानलेवा मर्जों के रूप में गिना जाता है। निश्चित रूप से कीमियो/थेरेपी में निरंतर आ रहे सुधारों की कारण बचपन में होने वाले कैंसर के बाद जिंदा रहने वालों की दर में बढ़ोतरी हुई है। यह अमेरिका में अब औसतन 80% या उससे ज्यादा है। हालांकि, दूसरे कैंसर के मामलों में रोग का निदान न होने से हालात अब भी बेहतर नहीं हुए हैं। यही वजह है कि अभी भी वैज्ञानिक कैंसर की आनुवंशिक वजहों और कैंसर कोशिकाओं के खास लक्षणों के बारे में ज्यादा जानने की कोशिश में जुटे हैं। खासतौर पर जब कोई मरीज चौथे स्तर के कैंसर से जूझ रहा होता है तो उसके स्वास्थ्य सुधार की संभावना बेहद कम हो जाती है। परन्तु हमारे देश में इस खतरनाक मर्ज का इलाज करने के लिये भी विभिन्न स्तरों पर तरह तरह के दावे पेश किये जाते हैं। कैंसर का इलाज निश्चित रूप से मंहगा इलाज है। इसलिये जब किसी गरीब परिवार का सदस्य कैंसर का शिकार हो जाता है और वह धनाभाव के चलते इसका मेडिकल उपचार नहीं करा सकता तो ऐसे गरीब लोगों का इलाज करने के नाम पर लोगों का नेटवर्क पूरे देश में सक्रिय है। कोई जड़ी बूटियों से कैंसर का इलाज करने का दावा करता है तो कोई गोमूत्र या इससे बनी दवाइयां बताकर अपना धंधा चला रहा है। कोई झाड़फूंक में कैंसर का निदान बताता है। हमारे देश में तमाम अनपढ़ अशिक्षित किस्म के लोग और वैद हकीमी का दावा करने वाले अनेकानेक नीम हकीम कैंसर से जूझने वाले मरीजों को गुमराह करने में लगे रहते हैं। इन्हीं मरीजों में कई ऐसे भी होते हैं जो धन संपन्न होने के कारण अपना मेडिकल इलाज भी कराते रहते हैं साथ ही अपने विश्वास के अनुरूप अन्य तरीके के इलाज भी करते रहते हैं। दरअसल आज भी देश का एक बड़ा वर्ग जोकि ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं है, जिसके कारण मरीज अक्सर डॉक्टर से सलाह लेने के बजाय हर्बल नुस्खों का सहारा लेते हैं। " परन्तु ऐसे मामलों में दिक़्क़त तब खड़ी हो

जाती है जब एलोपैथी के ईलाज से स्वास्थ्य लाभ पाने वाला मरीज अपने आरोग्य लाभ का श्रेय एलोपैथी प्रणाली या मेडिकल साइंस को देने के बजाये अन्य देसी इलाजों या उपायों अथवा प्रकृतिक स्रोतों को देने लगता है। खासकर समाज के लिये उस समय असमंजस्य की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जब इस तरहके दावे किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति,जनप्रतिनिधि अथवा यशस्वी व्यक्ति द्वारा किये जायें। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों पूर्व क्रिकेटर व कांग्रेस के नेता नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा अपने अमृतसर स्थित आवास पर एक प्रेस कॉन्फ़्रेंस बुलाकर यह दावा किया गया कि -'उनकी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू जोकि खुद भी एक डॉक्टर हैं,ने अपने आहार में कुछ चीजें शामिल करके स्टेज चार के लाईलाज कैंसर जैसे मर्ज पर काबू पा लिया है। सिद्धू ने यह घोषणा की कि उनकी पत्नी अब कैंसर से मुक्त हो चुकी हैं। सिद्धू के अनुसार चूंकि उनकी पत्नी के आहार में नींबू पानी, कच्ची हल्दी, सेब का सिरका, नीम की पत्तियां, तुलसी, कद्दू, अनार, आंवला, चुकन्दर और अखरोट जैसी चीजें शामिल थीं, जिससे वह स्वस्थ हो गईं। प्रेस कॉन्फ़्रेंस में किये गये सिद्धू के इन दावों के बाद से ही यह सवाल उठने लगा था कि क्या कच्ची हल्दी, नींबू पानी और नीम की पत्तियों जैसी साधारण आयुर्वेदिक चीजों से भी कैंसर जैसे मर्ज से मुक्ति पाई जा सकती है ? सिद्धू की इस आत्मविश्वास पूर्ण प्रेस वार्ता के बाद सोशल मीडिया पर सिद्धू के दावों को लेकर बहस छिड़ी तो आखिरकार टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई के 262 कैंसर विशेषज्ञों समेत अनेक पूर्व कैंसर विशेषज्ञों को सामने आना पड़ा। इन सभी कैंसर विशेषज्ञों ने सिद्धू के दावों से पूरी तरह असहमति जताई और कहा कि इन बयानों का समर्थन करने का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। इन कैंसर विशेषज्ञों ने लोगों से अपील भी की कि वे अप्रमाणित उपचारों का पालन न करें और अपने इलाज में देरी न करें। बल्कि, यदि किसी को अपने शरीर में कैंसर के कोई भी लक्षण महसूस होते हैं, तो उनको डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। और यह सलाह भी एक कैंसर विशेषज्ञ से लेनी चाहिए। " इससे पहले मध्य प्रदेश की पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर जोकि स्वयं कैंसर से पीड़ित थीं और कैंसर विशेषज्ञों के उपचाराधीन थीं। परन्तु जब उन्हें दवा इलाज से आंशिक स्वास्थ्य लाभ मिला तो उन्होंने इसका श्रेय मेडिकल उपचार को देने के बजाये 'गाय के शरीर पर हाथ फेरने' को दे दिया। प्रज्ञा ठाकुर ने बाकायदा टी वी कैमरे के सामने गाय पर हाथ फेर कर यह भी बताया कि स्वास्थ्य लाभ पाने के लिये गाय पर हाथ फेरने का सही तरीका क्या है ? इस तरह के निराधार दावे यदि आम लोगों की तरफ से किये जाएँ तो भले ही लोग उस पर तवज्जोह न दें परन्तु जब यही बातें किसी सेलेब्रेटी द्वारा की जाने लगें तो आम लोगों में ऐसे दावों पर चर्चा होना स्वाभाविक है। समाज में ऐसे दावों को लेकर केवल चर्चा ही नहीं होती बल्कि ऐसे सेलेब्रेटीज के अनेक प्रशंसक भी उन अप्रमाणित दावों के पीछे चल पड़ते हैं। वे ऐसे दावों पर तुरंत विश्वास कर लेते हैं। और खुद भी ऐसे ही अप्रमाणित इलाज करने की कोशिश करते हैं।यह कदम बहुत ही हानिकारक हो सकता है। क्योंकि कैंसर का इलाज तभी संभव है जबकि इसका इलाज सही समय पर शुरू कर दिया जाये। परन्तु वे अप्रमाणित इलाज के चक्करों में पड़कर सही समय पर शुरू होने वाले उपयुक्त इलाज से महरूम रह जाते हैं और कैंसर जैसा जानलेवा मर्ज धीरे धीरे शरीर में अपनी जड़ें और भी गहरी कर लेता है। इसलिये किसी भी प्रतिष्ठित व यशस्वी व्यक्ति को ऐसे अप्रमाणित व निराधार दावों से बचना चाहिये क्योंकि समाज ऐसे दावों और हक़ीकत के बीच भ्रमित रहता है।

संक्षिप्त समाचार

विधायक डॉ विकास चौधरी ने जूस पिलाकर धरना खत्म करवाया

चमकता राजस्थान। रघुनंदन पारीक श्रीनगर। अजमेर / कीशनगढ। हमीर सागर तालाब में जलकुंभी हटाने के लिए धरना दे रहे ग्राम वासियों का जूस पिलाकर, माल्यार्पण करके करके धरना खत्म करवाया...

मदनगंज किशनगढ़। पिछले आठ दिन से सावंतसर के ग्राम वासियों द्वारा हमीर सागर तालाब में फैली जलकुंभी को हटाने के लिए, शासन प्रशासन की नींद जगाने के लिए धरना दे रखा था । किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी धरने के तीसरे दिन धरना स्थल पहुंचे थे, धरने को अपना समर्थन दिया इसके साथ ही स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री एवं जिला कलेक्टर से बात करके जलकुंभी को तुरंत हटाने के निर्देश दिए थे । नगर परिषद को अगले 2 महीने में पूर्ण रूप से हमीर सागर तालाब को जलकुंभी मुक्त करने के लिए पाबंद किया, इसके तुरंत बाद नगर परिषद में युद्ध स्तर पर जलकुंभी हटाने के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया है । नगर परिषद आयुक्त ने भी 5 फरवरी तक हमीर सागर तालाब को जलकुंभी से मुक्त करने के लिए आश्वस्त किया है, इसके परिणाम स्वरूप आज सुबह 11:00 बजे विधायक चौधरी धरना स्थल पर पहुंचे, ग्राम वासियों से बात की एवं समझाइश करने के बाद सभी धरनार्थियों का जूस पिलाकर, माला पहनाकर धरना खत्म करवाया । विधायक चौधरी ने ग्राम वासियों को विश्वास दिलाया कि निश्चित अवधि में कार्य नहीं किया जाएगा तो ग्राम वासियों को साथ लेकर शासन प्रशासन के खिलाफ सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे एवं हमीर सागर तालाब को जलकुंभी से मुक्त करने के लिए विधायक कोष से भी पैसा देना पड़े तो भी देंगे । इस मुहिम के मुख्य सूत्रधार रहे पार्षद किशन गुर्जर ने भी विधायक चौधरी का आभार जताया । इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, राहुल चौरडिया, विशंभर वैष्णव, मदन मेघवाल सहित शहर वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे...

गंगधार चौमहला कस्बा बंद कर जन आक्रोश रैली

चौमहला /झालावाड़। चमकता राजस्थान / रमेश मोदी। जिले के चौमहला गंगधार के सर्व हिन्दू समाज के नेतृत्व में गंगधार चौमहला कस्बा बंद कर जन आक्रोश रैली। कर सौपा ज्ञापन।बांग्लादे श में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर बर्बरता पूर्वक हो रहे अत्याचारो और वहां के मठ मंदिरों पर हो रहे हमलों के खिलाफ चौमहला कस्बे के झण्डा चौक से दोपहर 1:30 सर्व हिन्दू समाज व हिंदूवादी संगठनों द्वारा विशाल जनाक्रोश रैली कस्बे मे निकाल कर उपखंड कार्यालय पहुंची जहां महा महिम राष्ट्रपति के नाम गंगधार तहसीलदार जतिन दिनकर को ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में बताया गया कि बांग्लादेश में हिन्दुओं के लगातार उत्पीड़न पर विराम हो वही वहाँ अल्पसंख्यक समुदाय पर विशेष रूप से हिन्दू समुदाय पर अनवरत एवं अमर्यादित अत्याचार पर रोक लगाई जाए बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है उसमें वामपंथी, तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे है। दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय ने, वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिन्ता व्यक्त करनी चाहिए थी जैसी रोक लगानी चाहिए थी।ऐसी रोक नहीं लगाई है। सर्व हिन्दू समाज आपसे यह अपेक्षा करता है कि वहाँ पर हो रहे घटनाक्रम को ध्यान से देखे, उसकी गम्भीरता को समझे और बांग्लादेश के प्रशासन पर दवाव बनाए कि हिन्दुओं के मानवाधिकारों की रक्षा की जाए सुरक्षा की जाए इस दौरान बड़ी संख्या में सर्व हिंदू समाज कस्बे वासी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जन आक्रोश रैली में मौजूद रहे।

विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के लिए सहायता शिविर राजीव गांधी सेवा केंद्र, नकसौदा में आयोजित

चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण। धौलपुर, 8 दिसम्बर 24 को बाड़ी एसडीएम हेमंत कुमार घनघोर और विकास अधिकारी राम बोल सिंह गुर्जर ने बताया कि जिला कलक्टर धौलपुर के निर्देशानुसार, जिले में विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु समुदाय के विकास के लिए आवश्यक दस्तावेज जारी करने हेतु सहायता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

जन अधिकार मंच, बाड़ी धौलपुर द्वारा मोगिया अड्डा जमूरा और सपेरा अड्डा गडरपुरा दोनों समुदाय के लोगों के लिए ग्राम पंचायत नकसौदा में शिविर लगेगा। उसके बारे में पूरी जानकारी दी गई। डॉ. नवीन नारायण जयपुर के द्वारा दोनों की कुशल छैम पूछी समुदाय के लोगों के पास जाकर शिविर की पूरी जानकारी दी। शिविर में समय पर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज बनवाएं, ताकि आपको सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सकें। यह शिविर 9 दिसम्बर 2024 को राजीव गांधी सेवा केंद्र, नकसौदा, बाड़ी में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में निम्नलिखित दस्तावेज बनाए जाएंगेः वोटर आईडी, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, घुमन्तु पहचान प्रमाण-पत्र, और मूल निवास प्रमाण-पत्र। साथ ही, आवासहीन व्यक्तियों को निःशुल्क भूमि आवंटन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पालनहार योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और निःशुल्क दवाई वितरण किट जैसी योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में डॉ. नवीन नारायण जयपुर, रामदास तरुण, राकेश कुमार, मवसीया मोगिया, रामबरन मोगिया, सौरासिंह मोगिया, बलिया मोगिया, जगदीश मोगिया, और जगदीश सपेरा, अन्य महिला/पुरुष उपस्थित रहे। यह शिविर क्षेत्र के समस्त विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, जहां वे जरूरी दस्तावेज बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

क्या मुख्यमंत्री अपने दम पर सफल बनाएंगे राइज़िंग राजस्थान को ?

अभी तो मात्र एमओयू हुए हैं उनको धरातल पर लाने में सभी का सहयोग अपेक्षित रहेगा

चमकता राजस्थान (अभय सिंह चौहान)

जयपुर। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे 32 देश भाग लेंगे, 17 पार्टनर कंट्री हैं !

बताया जा रहा है कि राइजिंग राजस्थान समिट के तहत अब कुल 30 लाख करोड़ रुपए के निवेश समझौते हुए हैं ,पावणों के स्वागत के लिए गुलाबी नगरी को दुल्हन सा तैयार किया गया है !

लेकिन क्या एमओयू होना ही पर्याप्त है इन्हें धरातल पर लाने के लिए सभी विभागों और सभी मंत्रियों,उप मुख्यमंत्रियों को सहयोग करना होगा इनके साथ के बिना इन्हें धरातल पर नहीं लाया जा सकता पूर्व मुख्यमंत्रियों अशोक गहलोत तथा वसुंधरा राजे सिंधिया के समय हुए एमओयू में से कितने धरातल पर आ पाए हैं ये किसी से छुपा नहीं है !

RISING RAJASTHAN™
9-10-11 DEC 2024 • JAIPUR

क्या 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' है ?

'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' इस बात को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को समय रहते हैं समझना होगा वैसे भी ब्यूरोक्रेसी उनके पकड़ के बाहर है ऐसे में यदि वे अपनी पार्टी के लोगों को जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का संरक्षण प्राप्त है उन्हें नज़रअंदाज़ करेंगे तो उसका खामियाजा उनके साथ आम जनता को भी भुगतना पड़ सकता है !

कुछ चाटुकार लोगों के इर्द गिर्द ही अपनी एक दुनिया बना लेना उनके लिए बहुत घातक सिद्ध होगा क्योंकि समय कभी एक सा नहीं रहता आज वे मुख्यमंत्री है तो कल मुख्यमंत्री पद से हट भी सकते हैं उस समय यह चाटुकार सबसे पहले पाला बदलेंगे ऐसे में वे कहीं के नहीं रहेंगे।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के सभी स्टेटमेंटों में जिक्र रहता है मुख्यमंत्री का !

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का कोई भी ऐसा भाषण सुनने को नहीं मिलता जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की योजनाओं की तारीफ़ एव कार्यों का ज़िक्र न हो लेकिन फिर भी मुख्यमंत्री का उनको इस तरह नज़रअंदाज़ करना जनता की नज़रों में खटक रहा है। जबकि मुख्यमंत्री को यह समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनुशंसा पर ही दिया कुमारी को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। राइज़िंग राजस्थान में हुए एमओयू से राजस्थान में कितना निवेश होगा यह तो समय बताएगा लेकिन राजस्थान भाजपा में सत्ता को लेकर जो संघर्ष चल रहा है ये जल्द ही सबके सामने आ सकता है। मिली जानकारी के अनुसार जहाँ उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ इस कार्यक्रम में तवज्जो नहीं दिए जाने से खासे नाराज़ नज़र आ रहे हैं वहीं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ऊपर के इशारे पर सब उस ठीक है महसूस करा रही है !

क्या होगा प्रधानमंत्री मोदी के नारे "सबका साथ सबका विकास" का ?

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जयपुर में राइज़िंग राजस्थान का शुभारंभ करने आएंगे जिनका एक ही नारा है "सबका साथ सबका विकास" लेकिन राजस्थान में इसका उल्टा नज़र आ रहा है ,मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद के विकास के आगे किसी का विकास होते नहीं देखना चाह रहे हैं ,राइज़िंग राजस्थान कैम्पेनिंग में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के अलावा किसी और की तस्वीर नहीं होना इस बात की गवाही दे रहा है !

उप मुख्यमंत्रियों की फोटो कैंपेनिंग से ग़ायब

मुख्यमंत्री की दौड़ में शामिल उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड की फ़ोटो राइज़िंग राजस्थान के विज्ञापनों से नदारद होना तो समझ में आता है लेकिन उप मुख्यमंत्रियों दिया कुमारी तथा प्रेम चंद बैरवा की फ़ोटो का ना होना समझ से परे हैं ,हालांकि पहले छपे विज्ञापनों में हुई किरकिरी के बाद नो दिसंबर के विज्ञापन में मात्र प्रधान मंत्री की फोटो लगाने की सूचना आ रही है लेकिन इससे पहले हुई भारी चूक को ढका नहीं जा सकता,सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में अघोषित रूप से उप मुख्यमंत्रियों तथा दूसरे मंत्रियों को कवरेज नहीं किए जाने के आदेश दिए गए लगते हैं !

ख़ासकर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की कवरेज सही तरीक़े से नहीं होना भी मुख्यमंत्री की एकला चलो नीति का परिणाम लग रही है ! राइज़िंग राजस्थान के किसी भी विज्ञापन चाहे समाचार पत्र हो, न्यूज़ चैनल का हो अथवा होर्डिंग हो दोनों उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी तथा प्रेम चंद बैरवा की फ़ोटो का नहीं होना एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा सचिन पायलट की याद दिला रहा है लेकिन इसमें एक बात समझनी होगी कि कांग्रेस में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने आप को आला कमान से भी ऊपर समझ लग गये थे क्या अब भाजपा में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से ऊपर समझते लग गए हैं क्योंकि दोनों मुख्यमंत्रियों को तवज्जो नहीं देकर वे उनका अपमान कर रहे हैं !

इससे पहले भी मुख्यमंत्री ने दोनों मुख्यमंत्रियों और उद्योग मंत्री सहित सभी मंत्रियों को इस कैंपेन से दूर रखने का प्रयास किया एक बार उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बेरवा तथा एक बार उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को अपने साथ विदेश की यात्रा करवाकर मुख्यमंत्री ने इतिश्री कर ली वहीं दूसरी ओर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी मात्र एक बार सीधे विदेश यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री के साथ कंपनियों से एमओयू करती नज़र आईं !

प्रधानमंत्री मोदी के घर घर पानी की योजना के तहत जल्द नई कॉलोनियों को पानी मिलेगा: केंद्रीय मंत्री चौधरी

चमकता राजस्थान

- खोडा गणेश रोड स्थित नई कॉलोनियों के लिए पाइप लाइन बिछाये व उच्च जलाशय बनाये- सूर्य प्रकाश शर्मा
- भाजपा युवा नेता सूर्य प्रकाश शर्मा ने केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी को उच्च जलाशय व पाइप लाइन के लिए ज्ञापन सौपा

रघुनंदन पारीक श्रीनगर। अजमेर। किशनगढ। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सूर्य प्रकाश शर्मा ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भागीरथ चौधरी को खोडा गणेश रोड स्थित नई कॉलोनियों के लिए पाइप लाइन बिछाने व टंकी निर्माण के लिए ज्ञापन दिया।

भाजपा युवा नेता सूर्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद किशनगढ का काफी विस्तार हुआ है और इसी के तहत खोडा गणेश रोड स्थित राधा माधव रेजीडेंसी, सिद्धि विनायक कॉलोनी,बीएलजी नगर,रिद्धि सिद्धि विहार व आशियाना सहित अन्य कॉलोनियों में पीने के पानी की कमी को देखते हुए हमने केंद्रीय मंत्री भागीरथ जी चौधरी को ज्ञापन दिया जिसमें हमने एक उच्च जलाशय का निर्माण व पाइप लाइन बिछाने के मांग की जिसमे मंत्री जी ने हाथो हाथ जलदाय विभाग को निर्देश भी दे दिया।

केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घर घर पानी की योजना को हमने धरातल पर उतारा है और इसी के तहत नई कॉलोनियों को भी जल्द पानी मिलेगा इसके सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दे दिया है।

ज्ञापन देने वालो में शिव सेना जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, खेमचंदत कुमावत, अभिजीत, गणेश शर्मा, आरव, मयंक शर्मा,लक्षित शर्मा, प्रदीप जैन, विष्णु सैन, जीतू जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

फुलेरा के प्रमुख गणगौरी बाजार के 100 फुट चोडे रास्ते पर अतिक्रमण, सुबह 8 बजते ही सिकुड़ जाता है बाजार

- प्रशासन की उदासीनता के चलते लोग करते हैं कब्जा

चमकता राजस्थान। फुलेरा (दामोदर कुमावत)। प्रशासन की अनदेखी कही जाए लापरवाही जिसके चलते फुलेरा का गणगौरी बाजार अस्थाई अतिक्रमण की भेंट चढ़ जाता है। बाजार के व्यापारियों ने बताया कि कस्बे के प्रमुख गणगौरी बाजार सड़क की चौड़ाई करीब 100 फीट चोडी है,रात 10 बजे बाद प्रातःतक ये सड़क सो फुट चौड़ी दिखती है। लेकिन हर दिन सुबह 8 बजते ही अस्थाई अतिक्रमण के चलते रोड की चौड़ाई 30 फुट में सिकुड़ जाती है। मुख्य बाजार में स्थाई दुकानें जो लाखों की लागत से आजीविका चलाते हैं लेकिन उनकी दुकानों के सामने लोगों ने अनाधिकृत थड़ी-ठेलो व तख्ते लगाकर अपनी अस्थाई दुकानें लगाकर स्थाई दुकानदारों के सामने रोजगार में रोडे बनजाते हैं, उनके ग्राहक उन दुकानों पर पहुंच ही नहीं पाते वहीं मुख्य बाजार में ट्रक एंव पिकअप खड़े होने से भी रास्ता अवरूद्ध हो रहा है। तथा मुख्य बाजार की जो सुन्दरता बनी होती है उस पर भी ग्रहण लग रहा है। स्थानीय दुकानदारों की ओर से कई बार स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने के पश्चात भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

गौरतलब है कि पुलिस व प्रशासन की ओर से समय -समय पर वैडिंग-नॉन वैडिंग जोन की बैठकों के पश्चात भी सिर्फ कागजों में ही खानापूर्ती की जाती है। वहीं जनप्रतिनिधियों की इच्छा शक्ति की कमी के चलते प्रमुख बाजार की दशा पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, जिससे यहां के व्यवसायी अपने आप को ठगा महसूस करने लगे है।प्रमुख बाजार में दुकानों के सामने लगे अतिक्रमण से व्यवसाईयों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

श्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर जन्म जयंती वर्ष कार्यक्रम का आयोजन

चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक श्रीनगर।

अजमेर/किशनगढ़/लक्ष्य बोध, डॉक्टर हेडगेवार स्मृति सेवा संस्थान कार्यालय मदनगंज किशनगढ़ में लोकमाता पुण्य श्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर का 300 वां जन्म जयंती वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया व रामावतार अग्रवाल ने ट्रस्ट का परिचय दिया। कार्यक्रम में बौद्धिक सानिध्य डॉ विपिन चंद्र राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के द्वारा मार्गदर्शन किया गया तथा उन्होने बताया कि महारानी अहिल्याबाई जी ने केदारनाथ से रामेश्वरम और द्वारका से गया तक सांस्कृतिक विरासतों का पुनरोद्धार व लोकसेवा के समानांतर कार्य किये। अनेक तीर्थों, घाटों व सड़कों का निर्माण व जीर्णोद्धार करने वाली महारानी ने युद्ध के मैदान में मुगल आक्रांताओं के दाँत भी खट्टे किये। लोकमाता का जीवन नारी सशक्तीकरण, सुशासन व सेवा के पथ पर दिशा दिखाता रहेगा।

कार्यक्रम में मदनगंज- किशनगढ़ में निवास करने वाले मातृशक्ति, युवा एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री गोपाल प्रजापति नगर कार्यवाह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महान वीरांगना एवं कुशल शासक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर शत - शत नमन किया गया। अन्त में ट्रस्ट के सचिव नीरज यादव ने आंगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ Honour Run में हुए शामिल

मोदी के नेतृत्व में सशक्त हुई भारत की सेना : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

चमकता राजस्थान

फुलेरा (दामोदर कुमावत)। राजस्थान सरकार कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने जयपुर के अलबर्ट हॉल में आयोजित Honour Run दौड़ का फ्लैग ऑफ कर शुभारंभ किया। यह विशेष दौड़ भारतीय सेना के शौर्य और सम्मान को समर्पित थी, और शूरवीरों के नाम आयोजित की गई थी।

दौड़ का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना के वीरों की बहादुरी को सम्मानित करना है, जो देश की सुरक्षा और गौरव के लिए अपनी जान की आहुति देते हैं। कर्नल राठौड़ ने इस अवसर पर भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करते हुए सभी प्रतिभागियों को इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना को आधुनिक और मजबूत बनाया गया है, जिससे देश की सुरक्षा को नई दिशा मिली हैं। मोदी जी की दूरदृष्टि और नेतृत्व में भारतीय सेना ने वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत को साबित किया है।

संक्षिप्त समाचार

राइजिंग राजस्थान समिट 2024 पर बोले अशोक गहलोत टडव के बाद मुश्किल से 10-12% आता है निवेश

- **बाड़मेर पेट्रोलियम रिफाइनरी की शेष अनुमति जारी करने की रखी मांग'**

जयपुर (खलील कुरैशी) राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरकार को शुभकामनाएं देते हुए इन्वेस्टमेंट को लेकर रविवार को सवाल उठाए।गहलोत ने कहा कि प्रोग्राम में इन्वेस्टर आते हैं, लेकिन एमओयू के बाद मुश्किल से 10-12% निवेश आता है। गहलोत ने कहा कि हर सरकार प्रयास करती है कि देश-विदेश से इन्वेस्टर आएं,एमओयू पर हस्ताक्षर करें और निवेश लाएं। उन्होंने कहा कि गुजरात, यूपी या राजस्थान में जब कोई कार्यक्रम आयोजित होता है, तो बहुत प्रचार किया जाता है, जैसा कि राजस्थान में हो रहा है, लेकिन उतना इन्वेस्ट नहीं होता। इन्वेस्टर इन्वेस्ट करने से पहले कई तरह की बातों पर ध्यान देते हैं। वह देखते हैं कि राजस्थान में कोई प्रोजेक्ट लगाएं तो वह रिवाइवल होगा या नहीं? गहलोत ने कहा कि कार्यक्रम में भाग लेना एक बात है, लेकिन धरातल पर वास्तविक आना निवेश अलग बात है। गहलोत ने कहा कि हमारे समय भी इवेंट हुआ था, लेकिन क्लेम नहीं कर सकता कि बड़ी संख्या में निवेश आया होगा।छगहलोत ने पीएम मोदी से राइजिंग राजस्थान के साथ बाड़मेर रिफाइनरी की बाकी अनुमतियां जल्द जारी करवाने और वहां पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का काम जल्द शुरू करवाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि रिफाइनरी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे और सोनिया गांधी यूपीए अध्यक्ष थीं, तो हमने 40,000 करोड़ रुपए की इस परियोजना को मंजूरी दी थी। सरकार बदलने से परियोजना का पीएम मोदी ने दोबारा शिलान्यास किया, उसके बाद भी काम नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 2 जूनछरिफाइनरी में देरी से उद्योग दूसरे राज्यों में चले जाएंगे 2023 को बाड़मेर रिफाइनरी में कार्य की प्रगति समीक्षा बैठक की थी, तब रिफाइनरी प्रशासन ने 31 दिसंबर 2024 से व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन उत्पादन शुरू होने की उम्मीद नहीं है। रिफाइनरी के कार्यों में देरी होने से यहां लगने वाले उद्योग दूसरे राज्यों में चले जाएंगे और यहां के युवाओं को मिलने वाले मौके भी समाप्त हो जाएंगे।

जयपुर में राहुल गांधी ने सीखा सेल्फ डिफेंस कांग्रेस के ट्रेनिंग कैंप में कर्राटे यूनिफॉर्म में दिखे

- **राहुल गांधी ने बच्चों को दिए आगे बढ़ने के टिप्स, राजस्थान के नेताओं को एंट्री नहीं**

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रविवार सुबह 1 दिन के दौरे पर रविवार सुबह करीब 7 बजे जयपुर पहुंचे। राहुल गांधी खेड़ापति बालाजी (सामोद) में कांग्रेस के नेतृत्व संगम ट्रेनिंग कैंप में शामिल हुए। आठ दिन से चल रहे ट्रेनिंग कैंप के सुबह के सेशन में राहुल गांधी ने सेल्फ डिफेंस की भी ट्रेनिंग ली। वे ट्रेनिंग कैंपस में कर्राटे यूनिफॉर्म में नजर आए। इससे पहले रविवार सुबह जयपुर एयरपोर्ट पर उनका पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष (पीसीसी चीफ) गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा आदर्श नगर विधायक रफीक खान, चौमूं विधायक शिखा मील बराला, मकराना विधायक जाकीर गैसावत, युवा नेता सतवीर चौधरी ने स्वागत किया। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने राहुल गांधी को सूत की माला पहनाई। पीसीसी चीफ ने उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9 बजे ट्रेनिंग में पहुंचे। नेतृत्व संगम में राहुल गांधी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा की। राहुल गांधी दोपहर 3 बजे वापस एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए। जयपुर एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता उनको सी-ऑफ करने पहुंचे। कांग्रेस का यह ट्रेनिंग कैंप हर साल होता है। दो साल पहले माउंट आबू में भी यह ट्रेनिंग प्रोग्राम हुआ था।

बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवाना पुनीत कार्य : देवनानी

मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना

सनातन धर्म में तीर्थ यात्रा का विशेष महत्व, यात्रा सफल रहे : केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 8 दिसम्बर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने रविवार को अजमेर रेलवे स्टेशन पर राज्य सरकार की मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत तिरूपति बालाजी की ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन में 780 यात्री तिरूपति बालाजी की यात्रा पर गए है। इनमें अजमेर संभाग के 293 यात्री शामिल हैं।ट्रेन को रवाना करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराना एक पुनीत कार्य है। राज्य सरकार को इसके लिए बधाई दी जानी चाहिए। राजस्थान सरकार ने प्रदेश के 30 हजार वरिष्ठ नागरिकों को ट्रेन से एवं 6 हजार वरिष्ठ नागरिकों को हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा कराने का निर्णय लिया है। यह निर्णय स्वागत योग्य है। प्रत्येक व्यक्ति का स्वप्न होता है कि वे अपने ईष्ट के स्थान पर तीर्थ यात्रा के लिए जाए। सरकार उनका यह स्वप्न पूरा कर रही है। उन्होंने देवस्थान विभाग को इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि यह यात्रा सभी के लिए मंगलमय होगी।केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि सनातन धर्म में तीर्थयात्रा का विशेष महत्व है। प्रत्येक सनातनी अपने जीवन में निरन्तर तीर्थ यात्राओं पर जाता है। एक उम्र के बाद व्यक्ति ईश्वर की भक्ति में जुड़कर तीर्थाटन करता है। राज्य सरकार आमजन का यह स्वप्न पूरा कर रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और राज्य सरकार बधाई के पात्र है। देवस्थान विभाग को यात्रा के दौरान बुजुर्ग यात्रियों की सुविधा एवं स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना चाहिए।

देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गिरीश बच्चानी ने बताया कि राजस्थान सरकार देवस्थान विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2024 के अन्तर्गत रविवार को तिरुपति की विशेष ट्रेन अजमेर रेलवे स्टेशन से रवाना की गयी। इस ट्रेन के अन्तर्गत कुल 780 यात्रियों को तिरुपति की तीर्थ यात्रा पर भेजा गया है। इसमें अजमेर रेलवे स्टेशन से अजमेर संभाग के 293, मारवाड़ जंक्शन से 213 एवं जवाई बांध से 274 यात्रियों को तिरुपति के लिए रवाना किया गया। यह यात्रा 6 दिवसीय यात्रा है। इसकी समस्त व्यवस्थाएँ देवस्थान विभाग द्वारा आईआरसीटीसी के माध्यम से करायी जाती है एवं यात्रियों को भोजन आवास एवं अन्य समस्त व्यवस्थाएँ निःशुल्क उपलब्ध करवायी जाती है।

विधानसभा अध्यक्ष व कृषि राज्यमंत्री ने अजमेर रलवे स्टेशन से रवाना की वरिष्ठ नागरिकों के लिए तिरूपति बालाजी तीर्थ यात्रा ट्रेन

भूत और वर्तमान निवेश एमओयू का विश्लेषण विकास को आगे बढ़ाने में मदद करेगा: REMIT समिति

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरेशी) । REMIT (राजस्थान रोजगार, विनिर्माण, निवेश और व्यापार) परियोजना सलाहकार समिति (ढअउ) ने 7 दिसम्बर 2024 को अपनी दूसरी बैठक में भूतकाल और वर्तमान निवेश एमओयू का विश्लेषण करने की आवश्यकता पर जोर दिया। समिति के अध्यक्ष श्री सुनील अरोड़ा ने निवेश कार्यान्वयन के लिए एक विस्तृत और संरचित दृष्टिकोण की आवश्यकता व्यक्त की और सुझाव दिया कि प्रमुख एमओयू को सेक्टर-विशिष्ट कार्य योजनाओं में विभाजित किया जाए। इसके लिए समर्पित अधिकारियों को नियुक्त किया जाए और प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि निवेश कार्यान्वयन की गति बनी रहे। अरोड़ा ने यह भी कहा कि सरकार ने निवेश शिखर सम्मेलनों से पहले कई नीतियां और योजनाएं पेश की हैं, लेकिन इन योजनाओं को प्रभावी बनाने के लिए एक मजबूत फॉलो-अप तंत्र की आवश्यकता है। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि चिह्नित अधिकारियों को परियोजनाओं पर आरंभ से अंत तक काम करने के लिए तय कार्यकाल और महत्वपूर्ण प्रदर्शन लक्ष्यों के साथ नियुक्त किया जाना चाहिए।

समिति ने इस बात पर भी जोर दिया कि निवेशकों को एमओयू की प्रभावी क्रियाविति देने के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उन्हें भूमि, बिजली शुल्क, पानी की उपलब्धता, और सड़क संपर्क जैसे क्षेत्रों में प्रभावी समर्थन प्रदान किया जाना चाहिए। इन उपायों को सभी आकार की इकाइयों, सूक्ष्म से लेकर बड़े उद्योगों तक, की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू किया जाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस सुधारों को पूरी तरह से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। समिति ने कहा कि व्यापार करने में आसानी की स्थिति में अब भी कई चुनौतियां हैं, जिन्हें तुरंत हल किया जाना चाहिए। ढअउ के एक सदस्य ने कहा, ''निवेश अभियान को एक सतत प्रक्रिया बनाना होगा, न कि केवल चार से छह महीने का ऐसा अभ्यास जो व्यवस्था को बाधित करे।'' बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि शिखर सम्मेलन में सफल निवेश कहानियों को प्रदर्शित किया जाना चाहिए, ताकि संभावित निवेशकों का आत्मविश्वास बढ़े और वे आगे बढ़ने में संकोच न करें। अंत में, कट्स इंटरनेशनल के महासचिव प्रदीप एस मेहता ने कहा, ₹हम एक मजबूत रणनीति तैयार करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निवेश अभियान परिणामकारी हो और नई नौकरियां उत्पन्न हो।₹ इस बैठक में अनिल खेतान, सुरेंद्र भंडारी, नीता बूचरा, रुक्मणि हल्दिया, सिद्धार्थ सिंह, सौरभ कक्कड़, ज्ञान प्रकाश, अभिषेक कुमार और संजय श्रीवास्तव जैसे सदस्य भी शामिल थे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की अजमेर दरगाह में जियारत

दरगाह में विवाद होता तो पीएम चादर-फूल नहीं भेजते: सिद्दीकी

जयपुर (खलील कुरैशी!

अजमेर की ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ मोईनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैहि चिश्ती की दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर के दावे के बाद विवाद बढ़ता जा रहा है। इस बीच, बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज़मील सिद्दीकी ने कहा- अगर कोई विवाद होता तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 साल से अकीदत की चादर और मोहब्बत के फूल नहीं भेजते। यह उनकी आस्था थी कोई तुष्टीकरण नहीं। उन्होंने करा-प्रधानमंत्री किसी दबाव या किसी को खुश करने के लिए काम नहीं करते हैं। पीएम वो ही काम करते हैं, जो देश के लिए अच्छा हो। कुछ लोगों सामाजिक समरसता पर कुठाराघात कर भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं।भारत ही नहीं बल्कि विश्व के लोग भी प्रधानमंत्री से अमन चैन की उम्मीद लगाए बैठे है सिद्दीकी ने रविवार को अजमेर दरगह में सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा- विदेशी ताकतें एवं विपक्ष मिलकर देश को कमजोर कर रहे हैं।सिद्दीकी ने कोर्ट में याचिका दायर करने वाले हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता को लेकर कहा-क्या विष्णु गुप्ता 800 साल के बाद ऐसा पहला विद्वान पैदा हुआ है, जिसमें इतना ज्ञान आ गया है कि वहां अजमेर दरगाह) मंदिर था? क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंटेलिजेंस फैल रही, जो पता नहीं कर पाई? इससे पहले हिंदू भाई शासक रहे, क्या वो समझ नहीं पाए? यह जो देश को तोड़ने की साजिश कर रहा है, यह दिन रहा है कि किसी के हाथों में खेल रहा है। विदेशी तकतों और विपदा से मिलकर देश को कमजोर कर रहा है। इसका कहीं न कहीं नुकसान उसको (विष्णु गुप्ता) होगा। सहीकी ने कहा-हमेशा मुस्लिम की एकता हो रही है और प्रधानमंत्री से लोग उम्मीद कर रहे हैं। आज विश्व जिस प्रकार जलसा है, वहां आन और शांति कायम कर सकता है तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। जो मोदी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे है वे मुंह की खाऐगे। सिगद्दीकी ने कहा- वहां हमारे हिंदू भाइयों का इतना समान होता है के वहां लंगर में नॉनवेज नहीं च्बनता है। ख्वाजा साहब ने हिंदु के रंग को अपनाया है। उनका झंडा भगवा है। ये देश विरोधी ताकतें हैं और भारत की एकत और अखंडता देख नहीं सकते। सूफी साहब का दर सबक लिए खुला है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि अभी तक मुसलमानों को वोट बैंक समझते आए. इस्तेमाल करते आए। दंगा करवाकर, उनको डरा करहमेशा उनको पीछे रखते है। भाजपा ने 10 साल में उनके विचारों को बदल दिया है। महाराष्ट्र में चुनाव हुआ और 38 सीटें ऐसी है, जहां पर मुसलमान ज्यादा है, लेकिन भाजपा जीती है। 'सुनवाई' लोकतंत्र की खूबसूरतीबीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज़मील सिद्दीकी ने कहा- कोर्ट ने सुनवाई की, यह भरत और लोकतंत्र की खूबसूरती है। यहां तो कोर्ट ने आतंकवादी याकूब मैनन को भी सुना। रात 3 बजे कोर्ट ने नुनवाई की। उसको फांसी की सजा हुई। सुनवाई का मतलब राहत नहीं होता है। कोर्ट में जो याचिका दायर की है, इसकी शनकी के मुंह पर मार दी जाएगी।

- **कुछ लोग देश सामाजिक समरसता की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे**

उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने गांधीनगर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बच्चों को दवा पिलाकर किया अभियान का शुभारम्भ

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 8 दिसम्बर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने रविवार को गांधीनगर स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का राज्य स्तरीय शुभारम्भ किया। राठौड़ ने कहा कि भारत में वर्ष 1995 में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई।जनवरी 2011 के पश्चात गत 13 वर्षों में कोई भी पोलियो का नया केस भारत में नही पाया गया। मार्च 2014 को भारत को पल्स पोलियो मुक्त होने का प्रमाण पत्र मिल चुका है, लेकिनपाकिस्तान में 55 व अफगानिस्तान में 23 पोलियो के केस पाये गये हैं। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने देशभर में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया है। इस अभियान के तहत प्रदेश में 39 जिलों में जन्म से 5 वर्ष तक के करीब 87.50 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। अभियान के सफल आयोजन के लिए 46,887 पोलियो बूथ स्थापित किये गये हैं तथा 59,936 टीमे बनाई गई हैं। इनमें 5,396 ट्रांजिट टीम एवं 7,653 मोबाईल टीमें भी शामिल हैं। अभियान के प्रथम दिवस को बूथ पर जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जाएगी तथा छूटे हुए बच्चों को अगले 2 दिवस तथा जयपुर शहर में अगले 3 दिवस घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

इन जिलों में संचालित किया जा रहा है अभियान

यह अभियान अजमेर, अलवर, अनूपगढ़, ब्यावर, बांसवाड़ा, बालोतरा, भरतपुर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बून्दी, चूरू, दौसा, दूदू, डीडवाना-कुचामन, डीग, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, जयपुर-ग्रामीण, जैसलमेर, जालौर, झालावाड़, जोधपुर शहर, जोधपुर ग्रामीण, केकड़ी, खैरथलतिजारा,कोटपूतली-बहरोड़, नागौर, नीम का थाना, फलौदी, सांचौर शाहपुरा, सीकर, सिरोही, सलूम्बर, टोंक एवं उदयपुर में आयोजित किया जा रहा है।

स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर दिए निर्देश

» राठौड़ ने इस दौरान गांधीनगर शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध करवाई जा रही जांच एवं उपचार व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गैर संक्रामक रोगों से बचाव के लिए स्वास्थ्य केंद्र पर की जा रही गतिविधियों के बारे में पूछा और इन गतिविधियों को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है, इसके अनुसार स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी रोगियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाएं।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक श्रीमती भारती दीक्षित, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

हार का कारण ढूंढने घर घर पहुंचे विधायक

कोलकाता। हुगली जिले के चूंचुड़ा विधायक असित मजूमदार ने चूंचुड़ा विधानसभा के उन इलाकों में जन संपर्क अभियान शुरू किया है जहां गत लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस पिछड़ गई थी। विधायक इलाके में घूम-घूमकर लोगों की शिकायतें सुन रहे हैं। शुक्रवार को विधायक ने चूंचुड़ा नगर पालिका के वार्ड नंबर 2 के पद्मा पार्क इलाके में जनसंपर्क करने गये थे। इसके बाद शनिवार को विधायक कोदालिया के नालडांगा इलाके में जनसंपर्क करने लोगों के घर पहुंचे। वहां बुजुर्ग महिला लिपिका चौधरी ने उनसे कहा कि मैं अपने पति की वृद्धावस्था पेंशन के लिए भटक रही हूं लेकिन मुझे नहीं मिली है। मैंने पांच बार आवेदन किया। लिस्ट में नाम आ गया है। विधायक ने शिकायतें सुना और कहा कि भत्ता शुरू होने पर आपको मिल जायेगा।रविवार को विधायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मैं पिछड़ गया। मैं पिछड़ने का कारण जानने के लिए स्थानीय नेतृत्व के साथ लोगों के घर जा रहा हूं। सरकारी योजनाओं के तहत विभिन्न भत्ते दिये जा रहे हैं। यहां तक कि लोगों के पास जाकर यह पता लगा रहा हूं कि मैं क्यों पीछे रह गया। मैं उनकी शिकायतों को सुनता हूं। बहुत सारा काम किया गया है और अभी बहुत सारा काम करना है।

गुप्तांग काटने के आरोप में प्रेमिका गिरफ्तार

कोलकाता। हावड़ा जिले में डोमजूर थाना अंतर्गत पार्वतीपुर शेखपारा इलाके में एक युवती ने शनिवार रात अपने प्रेमी का गुप्तांग काट डाला। पुलिस आरोपित युवती को गिरफ्तार कर पूछताछ में जुटी है। गंभीर रूप से घायल युवक का कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घायल युवक का नाम शेख आसिफ(24) है। उसका 20 वर्षीय सुमैया खातून से प्रेम संबंध था। बीच में दोनों के बीच मनमुटाव हुआ था लेकिन बाद में दोनों का रिश्ता ठीक हो गया था। सुमैया ने शनिवार रात आसिफ को शेखपाड़ा बुलाया। आरोप है कि उसने ने आसिफ को पेड़ से बांध दिया और उसके प्राइवेट पार्ट पर धारदार हथियार से वार किया। इसमें आसिफ के लिंग का आधा हिस्सा कट गया। गंभीर रूप से घायल आसिफ को कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर सुमैया को डोमजूर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का शुरूआती अंदाजा यही है कि सुमैया अकेली नहीं थी, उसके साथ कोई और भी था। 20 साल की लड़की के लिए अकेले ऐसा करना संभव नहीं है। माना जा रहा है कि प्यार में किसी अनबन के चलते युवती ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है।

गोस्वामी लक्ष्मीनाथ सद्भावना दुत सम्मान से सम्मानित हुए डॉक्टर कुलानंद झा

सहरसा। लक्ष्मीनाथ सेवा मिशन परिवार द्वारा सरबा सद्भावना यात्रा में सराहनीय योगदान देने एवं लक्ष्मीनाथ गोसाई पर पुस्तक लेखन एवं पीजी सेंटर सहरसा से सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉक्टर कुलानंद झा को लक्ष्मीनाथ गोसाई सद्भावना दूत सम्मान से सम्मानित किया गया। मिशन अध्यक्ष धनंजय कुमार झा ने बताया कि डॉक्टर कुलानंद झा मिथिला मैथिली के संवर्धन एवं संरक्षण हेतु तत्पर हैं।वही मैथिली साहित्य लेखन एवं सामाजिक कार्यों में अभिरुचि के साथ-साथ राजनीति के क्षेत्र में भी उनका अमूल योगदान रहा है।
डॉक्टर कुलानंद झा सुपौल जिला कर्णपुर गांव के निवासी हैं,जो पीजी सेंटर में मैथिली विभागाध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत हुए हैं।उनके द्वारा अब तक नेपालक मैथिली नाच परंपरा, मैथिली साहित्य विमर्श, मैथिली निबंध कुंज सहित विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में अनेक रचनाएं अब तक प्रकाशित हो चुकी है। वर्तमान में गौतम नगर गंगजला में रहकर साहित्य लेखन में तल्लीन हैं।

एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित

किशनगंज। किशनगंज में जमीयत उलेमा ए हिन्द का एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन रविवार को मारवाड़ी कॉलेज के समीप किया गया। जमीयत उलेमा ए हिन्द के राष्ट्रीय अध्यक्ष महमूद असद मदनी ने बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे हमलों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मुस्लिम बहुल किशनगंज में जमीयत उलेमा ए हिन्द द्वारा आयोजित सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे मदनी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बांग्लादेश में जो घटनाएं हो रही है वो निंदनीय है। हिंदुओं पर हमला बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई मुसलमान अगर गैर मुस्लिम के साथ गलत व्यवहार करे तो यह बहुत बड़ा अन्याय है।

बुद्धिजीवी मंच ने निकाली शिक्षा जागरूकता रैली

नवादा। नवादा बुद्धिजीवी विचार मंच की सतत शिक्षा जागरूकता अभियान रविवार को लाइनपार मिजार्पुर प्राथमिक विद्यालय से प्रारंभ हुआ और पोषक क्षेत्र के विभिन्न टोले मोहल्ले से गुजरते हुए आकर्षक नारे के साथ प्रभातफेरी निकाली गई । मंच के संयोजक अवधेश कुमार के नेतृत्व में निर्बाध रूप से जारी यह अभियान मिजार्पुर में जन जागरूकता का अतिरिक्त टॉनिक साबित हुआ। जहाँ सैकड़ों स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ नारे लगाये । जन्म दिया तो शिक्षा दो , बेटा-बेटी एक समान सबको शिक्षा सबको मान , गैया बकरी चरती जाय मुनिया बेटी पढ़ती जाय जैसे आकर्षक नारों से टंकित तख्तियां लहराते हुए बच्चों का हुजूम मोहल्ले वासियों के लिए कौतुहल का विषय रहा ।

पुलिस थाना मालवीय नगर जिला जयपुर पूर्व द्वारा 2 वाहन चोर व 2 नकबजनो को किया गिरफ्तार

तिरनकबजन सुरज जोशी उर्फ बादशाह व सोहनसिंह गुर्जर से लाखो का माल किया बरामद।

शातिर वाहन चोर करण सिंह व देशराज मीना से 2 मोटरसाईकिलो से बरामद

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) पुलिस उपायुक्त तेजस्वनी गौत्तम आईपीएस जिला जयपुर पुर्व ने बताया कि जयपुर पुर्व मे बढती नकबजनियो व वाहन चोरी की वारदातो पर अकुंश लगाने हेतु समस्त थानाजात को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आशाराम चौधरी (आरपीएस) के निर्देशानुसार व आदित्य पूनिया सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर के सुपरविजन मे व सग्राम सिंह पु.नि. पुलिस थाना मालवीय नगर जिला जयपुर पूर्व के नेतृत्व मे थाना हाजा से टीम का गठन कर आसुचना अधिकारी कानि ओमप्रकाश 8957 की सुचना पर मु.न. 344/24 धारा 331 (4) 305 (ए) बीएनएस मे शातिर नकबजन सुरज जोशी उर्फ बादशाह व सोहनसिंह गुर्जर को लाखो रुपये के जेवरातो के साथ गिरफ्तार किया गया। व मु.न. 424/24 धारा 303 (2) बीएनएस व मु.न. 425/24 धारा 303(2) बीएनएस मे शातिर वाहन चोर करण सिंह व देशराज मीना को भी किया गिरफ्तार।

गिरफ्तार शुदा मुल्जिम (नकबजन)

(1).सोहन सिंह गुर्जर पुत्र रमेश चन्द गुर्जर उम्र 22 साल निवासी ग्राम खटका नगला पुलिस थाना रुदावल जिला भरतपुर हाल खानाबदोश गैटोर जगतपुरा रेल्वे स्टेशन के पास पुलिस थाना जवाहर सर्किल जयपुर।(2). सुरज जोशी उर्फ बादशाह पुत्र लीलाधर जोशी उम्र 27 साल निवासी हल्दवानी लाम्बा चौड चार धाम मन्दिर के पास पाडली-2 पुलिस थाना मुखानी जिला नैनीताल उत्तराखण्ड हाल किरायेदार मकान नम्बर 16 नंदविहार माँडल टाउन मालवीय नगर जिला जयपुर पुर्व।

गिरफ्तार शुदा मुल्जिम (वाहन चोर)

(1) देशराज मीना उर्फ लेखराज पुत्र शिवचरण मीना उम्र 26 साल निवासी ग्राम पहाडी पुलिस थाना बालघाट जिला गंगापुर सिटी।(2) करण सिंह मीना पुत्र जुगलकिशोर मीना उम्र 27 साल निवासी

नकबजनी का विवरणः-

दिनांक 05/10/24 की रात्रि को परिवादिया बीना कानोडिया ऊडभगवान राम कानोडिया जाति-रैगर उम्र 36 वर्ष निवासी-वार्ड न-20 मण्ड्रेला रोड जाटावास बगड झुन्झुनु हाल-अ-71 मॉडल टाउन मालवीयनगर जगतपुरा थाना- मालवीय नगर जयपुर ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट पेश कि की मैं सरकारी सेवा मे वरिष्ठ अध्यापक के पद पर कार्यरत हूं। मैं अपनी मां के साथ 24 जुलाई2024 को झुंझुनू चली गई थी हमारे मकान को हमने अच्छे से बंद कर दिया था। दिनांक 4/10/24 को बागवान राजू ने शाम 6.00 बजे के आसपास फोन करके हमे बताया किअंदर का गेट खुला लग रहा है। हमने किसी पडोसी को फोन करके घर पर देखने के लिए भेजा तो अंदर का गेट खुला था और घर का सामान विखरा हुआ था। फिर उन्होंने ही मोके से ही पुलिस को फोन करके घटना कि जानकारी दी। हमारे मकान मे अंदर के कमरे से 4 सोने की चूंडिया वजन लगभग 2 तोला एक सोने की चैन लगभग वजन 1/1.5 तोला एक सोने की अंगूठी वजन लगभग 2 तोला एक चांदी की अंगूठी व चांदी की पायजेब 2 जोडी वजन लगभग 502 ग्राम और कुछ कैश चोरी हो गया।ू३५ कैमरे का ५१ भी गायब मिला। आदि रिपोर्ट को प्रकरण दर्ज कर थाना हाजा से टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेजो को आधार बनाकर करीब 200 कैमरे चैक करने पर पूर्व मे सम्पपत्ति चोरो का फुटेज से मिलान किया जाकर बडी मशक्कत के बाद शातिर नकबजन सुरज जोशी उर्फ बादशाह व सोहनसिंह गुर्जर को लाखो रुपये के जेवरातो के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनो मुल्जिम नशे के आदी है जो रैकी कर सुने मकानो मे रात्रि के समय चोरी की वारदात करते है। जिन्होने जयपुर व टोंक मे करीब एक दर्जन चोरी की वारदातो को अन्जाम दिया है। आरोपियो से मिली जानकारी से अन्य वारदातो का भी खुलासा होने की संभावना है।

वाहन चोरी की घटना का विवरण

दिनांक 03/12/24 को परिवादी बन्टी वर्मा पुत्र फूलचन्द वर्मा, जाति धोबी, उम्र 28 वर्ष, निवासी अ 13 अ शिक्षा सागर, गोविन्दपुरा, सांगानेर हाल डी 741, सिध्दार्थ नगर, जगतपुरा जयपुर व दिनांक 04/12/24 को परिवादी विजेन्द्र गुर्जर पुत्र जयराम गुर्जर उम्र 19 साल निवासी ग्राम गुर्जरवाडा शेखपुरा थाना सिकन्दरा जिला दौसा हाल जगतपुरा फाटक के पास थाना जवाहर सर्किल जिला जयपुर पूर्व ने उपस्थित थाना होकर एक-एक रिपोर्ट अपनी मोटरसाईकिल नम्बर फख 14 श्ङ 4711 व फख29ऋ4352 को चोरी होने संबंधित पेश की। आदि रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर थाना हाजा से टीम का गठन किया गया । टीम द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेजो को निकालकर व वाहन चोरो से हुलिये का मिलान करके बडी मशक्कत के बाद शातिर वाहन चोर करण सिंह व देशराज मीना को गिरफ्तार किया गया। वाहन चोरो से चोरी की दोनो मोटरसाईकिलो को बरामद किया जा चुका है।

आईबीआईएस कोलकाता ने चाय उत्सव सत्र के स्वागत के लिए जॉयफुल केक मिक्सिंग समारोह का आयोजन किया

संवाददाता

कोलकाता । आईबीआईएस कोलकाता ने त्योहारी सीजन की शुरूआत अल्फ्रेस्को में एक जीवंत केक मिक्सिंग समारोह के साथ की, जिसमें अभिनेत्री सयंतनी गुहाठाकुरता, मॉडल माधवीलता मित्रा, फैशन डिजाइनर इंद्रनील मुखर्जी और जया मिश्रा, श्रीमती जैसी प्रसिद्ध हस्तियां एक साथ आईं। इंडिया यूनिवर्स 2019 डोला शालिनी भगत, लोक गायिका दीपानिता आचार्य, और मास्टर शेफ प्रियंका विश्वास। कई प्रभावशाली लोग और मीडिया के सदस्य भी उत्सव में शामिल हुए, जिससे उत्सव की भावना और बढ़ गई।
यह समारोह एक मजेदार कार्यक्रम था जहाँ मेहमानों ने उत्साहपूर्वक मेवे, सूखे मेवे, मसाले और स्प्रिट जैसी विभिन्न सामग्रियों को मिलाया, जिनका उपयोग बाद में स्वादिष्ट उत्सव केक तैयार करने के लिए किया जाएगा। वातावरण खुशी, हँसी और मिश्रण की मनमोहक सुगंध से भर गया।
एक्कोर की महाप्रबंधक अमित मिश्रा ने सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा, केक मिक्सिंग समारोह लोगों को एक साथ लाने और त्योहारी सीजन की खुशी का जश्न मनाने का एक सुंदर तरीका है। इबिस कोलकाता राजरहाट में, हम हमेशा अपने मेहमानों के लिए यादगार अनुभव बनाने का प्रयास करते हैं।
मेहमानों ने जीवंत संगीत, जीवंत सजावट और शाम को यादगार बनाने वाली एकजुटता की भावना का आनंद लिया। कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, हर कोई उत्सव के मिश्रण से बने केक का इंतजार कर रहा था। इबिस कोलकाता में केक मिक्सिंग समारोह वास्तव में छुट्टियों के जश्न की एक मधुर और आनंदमय शुरूआत थी।

भूतनाथ धाम में विशेष पूजा

संवाददाता

कोलकाता। 'हिंदू सत्कार समिति' के प्रबंधन के तहत कोलकाता के शैव मंदिरों में से एक 'श्री श्री भूतेश्वर मंदिर' में 'बाबा भूतनाथ की उपस्थिति में एक शाम' नामक एक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कहना अच्छा है कि 'श्री श्री भूतेश्वर मंदिर' के पीठासीन देवता को कोलकाता के लोग प्यार से 'बाबा भूतनाथ' कहकर बुलाते हैं। पत्रकारों से बात करते हुए, 'हिंदू सत्कार समिति' के अची परिषद सदस्य संजय रॉय ने कहा, दोपहर से आमंत्रित अतिथियों के सामने मंदिर के अंदर विशेष पूजा, आरती, भजन और कीर्तन की व्यवस्था की गई है। वहीं, अची परिषद के सदस्य और हिंदू सत्कार समिति के महासचिव संदीप कुमार मुखर्जी ने कहा, लोककथा के अनुसार, वाराणसी के एक अघोरी साधु ने 'बाबा भूतनाथ' के पुण्य लिंग की स्थापना करके अघो के अनुसार दैनिक पूजा शुरू की थी। गंगा नदी के पूर्वी तट पर निमतला श्मशान के बगल में शैवतंत्र के तहत अघोरा माता की परंपरा के अनुसार आरंभ दिन से अब तक बाबा का दाह संस्कार श्मशान से ली गई राख से किया जाता है। यह कोलकाता या पश्चिम बंगाल का एकमात्र शिव मंदिर है जहां पवित्र शिव लिंग का प्रतिदिन दाह संस्कार किया जाता है।

भाजपा नेता अर्जुन सिंह का हिंदुओं से आह्वान

उत्तर 24 परगना। पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार लगातार जारी है। इसी बीच भाटपाड़ा के 'बाहुबली' भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने हिंदूओं से आह्वान किया कि यदि सुरक्षित रहना है तो वह अपने घरों में हथियार रखें। इसके साथ ही अर्जुन सिंह ने सनातनियों को एकजुट करने के लिए भाजपा की छत्रछाया में आने का भी आह्वान किया। बैरकपुर के पूर्व सांसद रविवार को जगद्दल विधानसभा के अंतर्गत श्यामनगर के झाऊतला में भाजपा के सदस्यता अभियान पर निकले थे। वहां पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उन्होंने बांग्लादेश के हालात पर कहा, "आप देख रहे हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ क्या हो रहा है। वहां पूर्व सेनाध्यक्ष चार दिन में कलकत्ता पर कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं। कलकत्ता की सड़कों पर जिहादियों का कब्जा हो चुका है। यहां सब जमाती बैठे हैं।

बाल विवाह, लिंग हिंसा, दहेज प्रथा पर बनी वीडियो को दिखाया गया

लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने निकाली जागरूकता रैली

एजेंसी

नवादा। समाज कल्याण विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा एवं जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए पदाधिकारी एवं विद्यालय के छात्राओं के जागरुता रैली का आयोजन किया गया। समाहरणालय से निकल कर भगत सिंह चौक एवं विजय बाजार होते हुए प्रजातंत्र चौक पर समापन किया गया। इसके बाद सभी के बीच बाल विवाह, लिंग हिंसा, दहेज प्रथा पर बनी वीडियो को दिखाया गया एवं मोटिवेशनल वीडियो भी दिखाई गई।

डॉ राज कुमार सिन्हा , सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई, नवादा द्वारा बताया गया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतराष्ट्रीय दिवस 25.11.2024 से मानवाधिकार दिवस दिनांक 10.12.2024 तक दुनिया में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही नई चेतना, पहल बदलाव की ओर इसी अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा द्वारा भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि विगत माह में जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी को पॉक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम पर प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते ने कहा कि छात्राओं को किसी भी प्रकार की हिंसा को नहीं सहने के लिए एवं अपने लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्राएं अपनी पढ़ाई पूरी कर आत्मनिर्भर बनने के बाद ही विवाह के लिए सोचें। किसी भी स्तर पर हो रही प्रताड़ना की शिकायत दर्ज करने के लिए 112, 181 तथा बच्चों की सहायता के लिए 1098 नंबर पर कॉल कर सकते है। उन्होंने अनेक कानूनी धाराओं पर भी प्रकाश डाला। साथ ही छात्राओं को बाल विवाह के बाद होने वाले हिंसाओं और समस्याओं से बारीकी से अवगत कराया।

एडमास ने शिक्षा और मनोविज्ञान के माध्यम से सीमाओं को पाटना शुरू किया

संवाददाता

कोलकाता। एडमास विश्वविद्यालय ने टुंकू अब्दुल रहमान यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टीएआर यूएमटी), मलेशिया के साथ साझेदारी में हाल ही में शिक्षा, अंग्रेजी और मनोविज्ञान पर 'इंटरवॉवन इनसाइट्सः इंटरनेशनल स्टूडेंट सिम्पोजियम 2024' की मेजबानी की। इस कार्यक्रम ने दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों को सार्थक अकादमिक संवाद में शामिल होने और विभिन्न विषयों में अपने अभिनव शोध प्रस्तुत करने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान किया। एडमास विश्वविद्यालय के छात्र,

संजीता भट्टाचार्य, जहानजैब तारिक बाबा, संजुक्ता पॉल और अरात्रिका चट्टोपाध्याय, टीएआर यूएमटी के अपने समकक्षों, जिनमें ललिता परशुरामन, टैन वेई, वोंग सिउ हुई और जारिव च्यू लॉन्ग क्वान शामिल होकर अपने शोध निष्कर्षों को साझा किया। उनकी प्रस्तुतियों ने महत्वपूर्ण अकादमिक अंतर्दृष्टि को उजागर किया और दोनों संस्थानों के बीच सहयोग की भावना को प्रोत्साहित किया।
इस पहल का नेतृत्व एडमास विश्वविद्यालय में शिक्षा विद्यालय की प्रोफेसर और डीन तथा अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग की डीन प्रोफेसर (डॉ.) शौली मुखर्जी ने किया। अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को आगे बढ़ाने और अंतःविषय अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के उनके दृष्टिकोण ने संगोष्ठी को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संक्षिप्त खबरें

हरिद्वार में हाईवे पर मुठभेड़, बदमाश घायल

देहरादून। रायवाला क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं में शामिल शातिर बदमाशों का पीछा करते हुए देहरादून पुलिस ने हरिद्वार में बहादराबाद पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई की। बीती रात 7/8 दिसंबर को हुई इस घटना में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दो अन्य मौके से फरार हो गए। मौके से चोरी के सामान और हथियार बरामद हुए हैं। फरार बदमाशों की तलाश जारी है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि हाल ही में रायवाला क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं की जांच कर रही देहरादून पुलिस को एक संदिग्ध (i10) कार के बारे में जानकारी मिली।

प्रतिबंधित हरे पेड़ काटने पर 05 गिरफ्तार

हरदोई। वन क्षेत्राधिकारी कछौना विनय कुमार सिंह जादौन द्वारा रविवार को अवैध कटान के विरूद्ध की गई छापेमारी में लकड़ी से भरी एक ट्रक, एक हाइड्रा तथा 2 ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी गई, इसके साथ ही अवैध कटान में शामिल 5 अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। रेंज परिसर कछौना लाकर लकड़ी से भरी दोनों ट्रेक्टर ट्राली को सीज किया गया। जबकि ट्रक व हाइड्रा को सही कागज पाए जाने पर छोड़ दिया गया है। अभियुक्तों के खिलाफ समुचित धाराओं में वाद दर्ज करा कर विधिक कार्यवाही की गई। वन रेंज कछौना क्षेत्र के कोथावां सेक्शन अंतर्गत हत्याहरण के पास भिठरिया गांव में अवैध रूप से ठेकेदार माडल व लवकुश के द्वारा प्रतिबंधित पेड़ काटे जा रहे थे।

सड़क हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत

दुर्ग /रायपुर। दुर्ग जिले के भिलाई में भट्टी पुलिस थाना क्षेत्र के सेंट्रल एवेन्यू में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में स्विफ्ट कार सवार दो लोगों की मौत हो गई हैं। मृतकों में एक युवक तथा एक युवती शामिल हैं। कार में चार लोग सवार थें। दो लोग घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। भट्टी पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार भिलाई के सेंट्रल एवेन्यू के सेक्टर 1 में शनिवार की रात एसबीआई चौक के सामने एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार मुर्गा चौक से सेक्टर 9 की ओर जा रही थी। इस बीच कार अनियंत्रित होकर पेड़ को ठोकर मारने के बाद झाड़ियों में पलट गई।

कोरबा में स्कूटी की टक्कर से युवक की मौत

कोरबा। जिले के रामपुर थाना क्षेत्र में शराब भट्टी के पास स्कूटी चालक ने एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत का है। मृतक की रघुवीर कौशिक के रूप में पहचान हुई है, जो मूलतः पौना अकलतरा क्षेत्र का निवासी था। वह कुछ साल से भद्रापारा बालको में निवास कर रहा था और आरकेटीसी में ड्राइवर का काम करता था।

मजदूर की सिर कूचलकर हत्या

प्रयागराज। नवाबगंज थाना क्षेत्र के मलाक बलऊ गांव में रविवार की सुबह एक नाली में मजदूर का शव पाया गया है। आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस टीम शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची है। पुलिस का कहना है कि उसके सिर में चोट के निशान मिले है। हालांकि मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि नवाबगंज के मलाक बलऊ गांव में मजदूर राकेश कुमार उर्फ लहुरी 50 वर्ष पुत्र राम कुबेर का शव सुबह गांव में स्थित श्याम फ्लोर मिल के पीछे नाली में पाया गया।

854 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

कुल्लू। थाना पतलीकूहल के अंतर्गत पुलिस ने चरस तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस रिमांड हासिल करने के लिए न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। नशा तस्करी का मामला रविवार उस दौरान सामने आया जब एएसआई बीरबल के नेतृत्व में पुलिस टीम डोहलु नाला में नाका पर मौजूद थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति की शक के आधार पर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 854 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने चरस की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

छात्र ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

दंतेवाड़ा। जिले के भांसी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भांसी में स्थित पीएमश्री पोटाकेबिन आवासीय विद्यालय के आठवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र घासीराम बरसा ने आज रविवार सुबह अपने कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार भांसी पोटाकेबिन में पढ़ने वाले एक छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगा लिया, आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

पुलिस का 5 घंटे चला धरपकड़ अभियान

फिरोजाबाद। जनपद पुलिस ने शनिवार की रात पांच घंटे अभियान चलाकर 58 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित हैं जो फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर पुलिस द्वारा वारंटियों एनबीडब्ल्यू व एसआर केसों में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध शनिवार की रात 12.00 बजे से रविवार की सुबह 05.00 बजे तक अभियान चलाया।

पौराणिक कोठा भवन जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण

धामी ने निर्माण कार्यों में पौराणिकता का समावेश करने पर दिया बल

- सौंदर्यीकरण और कोठा भवन के जीर्णोद्धार के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है

देहरादून। एजेंसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रुद्रप्रयाग जनपद के ऊखीमठ स्थित श्री ओमकारेश्वर मंदिर में चारधाम शीतकालीन यात्रा की शुरूआत करने के साथ मंदिर परिसर के विस्तारीकरण, सौंदर्यीकरण और पौराणिक महत्व के कोठा भवन के जीर्णोद्धार कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरासत से विकास के संकल्प को दोहराया और निर्माण कार्यों में पौराणिकता का समावेश करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि ओंकारेश्वर मंदिर परिसर के विस्तारीकरण, सौंदर्यीकरण और कोठा भवन के जीर्णोद्धार के लिए तीन चरणों में कार्य योजना तैयार की जा रही है। पहले चरण में लगभग पांच करोड़ की लागत से कार्य चल रहा है, जो न्यू इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप द्वारा कराया जा रहा है। बीकेटीसी अध्यक्ष ने बताया कि ओंकारेश्वर मंदिर के कोठा भवन के जीर्णोद्धार कार्यों की शुरूआत तीर्थ पुरोहितों और स्थानीय लोगों के अनुरोध पर पिछले वर्ष की गई थी। साथ ही उषा-अनिरुद्ध विवाह मंडप के जीर्णोद्धार के लिए भी कार्ययोजना बनाई गई है, ताकि मंदिर को एक प्रमुख वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा सके, जैसा प्रधानमंत्री मोदी का विजन है।

मुख्यमंत्री धामी ने इस परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि इस कार्य से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित किया जाएगा। अब तक इस कार्ययोजना के तहत पहले चरण में भोग मंडी, भंडार गृह और कीर्तन हाल का निर्माण पूरा हो चुका है। दूसरे चरण में उषा-अनिरुद्ध विवाह मंडप का जीर्णोद्धार किया जाएगा। जबकि तीसरे चरण में पार्किंग और यात्री सुविधाओं के कार्य किए जाएंगे।

देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत को मंत्री जोशी ने दी श्रद्धांजलि

देहरादून। एजेंसी

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत को उनकी तृतीय पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने जनरल रावत को देश का गौरव बताते हुए उनकी वीरता और सेना के आधुनिकीकरण में अहम योगदान को याद किया। रविवार को कनक चौक में आयोजित एक कार्यक्रम में मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री धामी की ओर से जनरल रावत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनरल रावत ने उत्तराखंड के युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए लंबाई में छूट दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी दूरदृष्टि के कारण आज उत्तराखंड के कई युवा सशस्त्र सेना में सेवा कर रहे हैं। मंत्री जोशी ने आगे कहा कि जनरल रावत ने सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए भी कई महत्वपूर्ण पहल की थीं। उनके नेतृत्व में सेना ने सीमांत क्षेत्रों में कई विकास कार्य किए।उन्होंने बताया कि जनरल रावत की यादों को सहेजने के लिए गुनियाल गांव में बन रहे सैन्यधाम का मुख्य द्वार उनके नाम पर समर्पित किया जाएगा।

इस अवसर पर निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृतलाल लाल, ले.जनरल जे.एस. नेगी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी वीरेंद्र भट्ट, पूर्व सैनिक दिनेश प्रधान, शमशेर बिष्ट, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, आशीष थापा, अंकित जोशी, टीडी भोटिया, चुन्नी लाल सहित कई लोग ने जरनल रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सीरिया में 2011 से चल रहे गृहयुद्ध का खात्मा, विद्रोहियों ने की नये युग की घोषणा

विद्रोही गठबंधन के सामने असद की ताकतवर सरकार 10 दिन भी नहीं टिक पाई

दमिश्क। एजेंसी

सीरिया में करीब 50 साल के बाथ शासन और 24 साल के बशर अल असद शासन का रविवार को अंत हो गया। विद्रोही गठबंधन के सामने असद की ताकतवर सरकार 10 दिन भी नहीं टिक पाई। इसके साथ ही 2011 से चल रहे गृहयुद्ध का भी खात्मा हो गया। राजधानी दमिश्क की सड़कों पर लोग जश्न मना रहे हैं। अपने शासन का अंत करीब देख बशर अल असद पहले ही देश छोड़ कर भाग चुके हैं। सीरियाई सेना ने इसकी पुष्टि की। सीरिया के सार्वजनिक संस्थानों पर कब्जे के साथ विद्रोही गुट ने रविवार को सीरिया के आजाद होने की घोषणा की। जेलों से कैदियों को रिहा करने की घोषणा की गई। इस्लामी चरमपंथी गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएएस) और विद्रोही गठबंधन ने कहा है कि अब नया सीरिया बनेगा, जहां सब शांति से रहेंगे। विद्रोहियों की तरफ से कहा गया कि देश के सार्वजनिक संस्थान 'पूर्व प्रधानमंत्री' की देखरेख में रहेंगे, जब तक नई सरकार सत्ता पर काबिज नहीं हो जाती। इससे पहले प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी अल जलाली ने भी एक रिकॉर्डेड बयान में विद्रोहियों से मिलकर नई सरकार के गठन की बात कही।

बशर अल असद ने साल 2000 में अपने पिता हफीज अल-असद के बाद सीरिया की कमान संभाली थी। हफीज अल असद ने 1950-60 के गृहयुद्ध के बाद तख्तापलट कर सीरिया की सत्ता संभाली थी। पिता हफीज अल असद ने 29 साल शासन किया। इस तरह साल 1971 के बाद से 2024 तक असद परिवार का सीरिया पर शासन रहा। असद के पिता हफीज अल अस्साद ने बाथ पार्टी बनाई थी और इस पूरे शासनकाल में यही पार्टी सत्ता का प्रतिनिधित्व करती रही। इसलिए दमिश्क पर कब्जे के बाद विद्रोहियों ने बयान जारी कर कहा कि बाथ पार्टी के शासन के 50 सालों के उत्पीड़न और 13 सालों के अपराध, अत्याचार और विस्थापन का सामना कर आज, 8 दिसंबर, 2024 को उस कालयुग का अंत और सीरिया के नए युग की शुरूआत का हम ऐलान करते हैं।

कांग्रेस ने कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत का फूंका पुतला, इस्तीफे की मांग

हरिद्वार। एजेंसी

प्रदेश में बिगड़ती शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था के विरोध में रूड़की के कांग्रेस कार्यकताओं ने कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने मंत्री से इस्तीफा दिए जाने की मांग की। प्रदेश महासचिव यशपाल राणा के नेतृत्व में चंद्रशेखर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी की।

उससे पहले पूर्व राज्य मंत्री संजय पालीवाल ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा चुकी है। युवाओं का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है। लेकिन सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ रही है। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के नेतृत्व में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हो गई है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही इस ओर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेगी। कार्यक्रम संयोजक एवं प्रदेश महासचिव यशपाल राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं की आवाज दबाने का काम कर रही है। कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत हर मोर्चे पर विफल साबित हुए हैं। उनके कार्यकाल में पहली बार प्रदेश के विश्विद्यालयों में छात्र संघ चुनाव नहीं हुए। स्वास्थ्य व्यवस्था दिन व दिन निचली स्तर पर पहुंचती जा रही है।

इंस्टाग्राम पर फंदे की रील बनाकर डाली और आत्महत्या कर ली

झांसी। मोंठ थाना क्षेत्र में एक युवक ने मरने से पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर फंदे की रील बनाकर अपलोड की। फिर उसी फंदे पर लटककर उसने जान दे दी। रील बनाने में ₹दुनिया ये जीत गई दिल हार गया, सॉन्ग भी लगाया। जैसे ही वीडियो में उसे रोता देखा, घरवाले मौके पर पहुंचे। बेटे को लटकता देख पिता बेहोश होकर गिर पड़ा। घरवालों ने युवक को फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अजय का किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की ने उसे धोखा दे दिया, इससे क्षुब्ध होकर उसने जान दे दी। मोंठ के नंदपुरा निवासी अजय पाल (22) घर का इकलौता बेटा था। उसकी मां की पहले ही मौत हो चुकी थी। चचेरे भाई जयपाल ने बताया कि शनिवार दोपहर अजय ने खाना खाया और उससे बोला कि बाजार जा रहा है। इसके बाद घर से चला गया। वह भी खेत पर पानी लगाने चला गया।

जज के रीडर समेत परिवार के चार लोगों की हत्या

कैथल। एजेंसी

जिले के शाहाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत यारा गांव में रहने वाले कुरुक्षेत्र के जज के यहां रीडर, उनकी पत्नी, बेटा और बहू की घर में घुसे अज्ञात हमलावरों ने शनिवार रात हत्या कर दी, जबकि 13 वर्षीय पौत्र गंभीर रूप से घायल है। सभी के गले को तेज धारदार हथियार से काटा गया है। घटना की जानकारी रविवार को उस वक्त हुई जब पड़ोसी गेट तोड़कर अंदर गए, जहां शवों को देख उनके होश उड़ गए। एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या की जांचमें पुलिस जुट गई है। शाहाबाद के यारा गांव में रहने वाले नैब सिंह कुरुक्षेत्र के जज के यहां रीडर थे और पत्नी, बेटा-बहू और पौत्र के साथ रहते थे। बीती रात उनके घर में घुसे अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने नैब सिंह, उनकी पत्नी इमरित कौर, शाहाबाद कोर्ट में कार्यरत बेटा दुष्यंत, बहू अमृत कौर और 13 वर्षीय पौत्र केशव पर वार कर दिया और रक्तरंजित हालत में छोड़ कर फरार हो गए। रोजना की तरह रविवार सुबह जब नैब सिंह के घर से कोई हलचल और बाहर ना निकलने पर पड़ोसियों ने गेट खटखटाया। कोई आहट ना मिलने पर इलाकाई लोग इकठ्ठा हुए और गेट तोड़कर अंदर गए, जहां नैब सिंह और उसकी पत्नी लहुलूहान अवस्था में मृत पड़े थे।

पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

हरिद्वार। बहादराबाद क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जबकि दो बदमाश फरार होने में कामयाब रहे। बताया जा रहा है कि कार सवार तीन बदमाशों का पीछा करते हुए देहरादून पुलिस की एक टीम हरिद्वार तक आ पहुंची। देहरादून पुलिस की सूचना पर हरिद्वार जिले की पुलिस भी हरकत में आ गई। पुलिस की दोनों संयुक्त टीमों ने बहादराबाद क्षेत्र में बदमाशों को घेर लिया। बदमाशों ने घिरता देख पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर पर गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी के बाद बदमाश को पकड़ लिया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं दो बदमाश फरार होने में कामयाब रहे, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस के मुताबिक कार सवार तीन बदमाश चेकिंग के दौरान पुलिस से बचकर हरिद्वार की तरफ फरार हुए थे। एक पुलिस टीम बदमाशों का पीछा करते हुए हरिद्वार पहुंची।

देश व धर्म की रक्षा के लिए लाखों की संख्या में बहनें खड़ी हों : विनायक राव

लखनऊ। एजेंसी

विश्व हिन्दू परिषद की ओर से रविवार को सीएमएस सभागार में त्रिशूल दीक्षा एवं मान वंदना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विहिप की मातृशक्ति व दुर्गा वाहिनी की 300 से अधिक बहनों ने त्रिशूल दीक्षा ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री विनायक राव देशपांडे ने आहवान किया कि देश व धर्म की रक्षा के लिए लाखों की संख्या में बहनें खड़ी हों। उन्होंने कहा कि संभल जैसी स्थिति सब जगह निर्माण हो रही है। बांग्लादेश की वर्तमान परिस्थिति से सब लोग परिचित हैं।

वहां हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहा हैं। माताएं बहनें सुरक्षित नहीं हैं। इसलिए देश व धर्म की रक्षा के लिए अपनी तैयारी चाहिए। विनायक राव ने पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होलकर का जिक्र करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में सबके लिए समान न्याय था।

गलती करने पर वह अपने सगे संबंधी को भी दण्ड अवश्य देती थीं। उन्होंने अपने पति को आर्थिक कदाचार के लिए दण्डित भी किया था। अहिल्याबाई का राज्य भ्रष्टाचार शून्य राज्य था। जितना दान व धर्म का काम अहिल्याबाई ने किया उतना कार्य भारत के किसी राजा ने नहीं किया। वह राज सिंहासन पर तुलसी दल रखती थी। अपनी राजाज्ञा पर भगवान शंकर की आज्ञा से लिखवाती थी।वाराणसी में जिस काशी विश्वनाथ मंदिर में हम दर्शन करते हैं उसका निर्माण अहिल्याबाई ने कराया था। सोमनाथ मंदिर का भी जीर्णोद्धार कराने का कार्य अहिल्याबाई ने किया था। सह संगठन मंत्री ने कहा कि अहिल्याबाई एक ग्रामीण परिवेश के एक अति साधारण सैनिक परिवार में जन्मीं थीं।

सुरक्षा ऋषिश्वरानंद बोले, भारत से बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर करें सरकार

बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें केंद्र सरकार : रवींद्र

- धर्म की रक्षा के लिए संतों ने हमेशा आवाज बुलंद की है
- बांग्लादेशी घुसपैठियों को तत्काल प्रभाव से भारत सरकार बाहर करें

हरिद्वार। एजेंसी

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव श्रीमंहत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा है कि संत महापुरुष सनातन संस्कृति की रीढ़ है, जिन्होंने विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक विरासत और सनातन धर्म को संजो रखा है। बांग्लादेश में सनातन हिंदू धर्मावलंबियों को निशाना बनाकर कत्ले आम किया जा रहा है। भारत सरकार को इसका पुरजोर विरोध करना चाहिए और बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

भूपतवाला स्थित श्रीचेतन ज्योति आश्रम में रविवार को आयोजित संत समागम के दौरान श्रीमंहत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि सोची समझी साजिश के तहत हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। संत समाज इसे कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगा। बांग्लादेश में अगर हिंदुओं पर आक्रमण नहीं रुकता है तो सरकार को बांग्लादेश पर त्वरित कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

श्रीचेतन ज्योति आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद एवं बाबा हठयोगी ने कहा कि सनातन धर्म शांतिप्रिय एवं सभी धर्मों का सम्मान करने वाला है।

संत समाज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मांग करता है कि इस मामले को गंभीरता से लेकर बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाएं।

सनातन धर्मभूषण स्वामी राजराजेश्वर एवं पूर्व आईपीएस डीजी वणजारा ने कहा कि बार-बार लगातार मात्र सनातन धर्म को ही निशाना बनाया जाता है। कट्टरपंथी ताकते अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं हो पाएंगी। धर्म की रक्षा के लिए संतों ने हमेशा आवाज बुलंद की है। बांग्लादेश में मानवता के खिलाफ जो घिनौना कृत्य हो रहा है। संपूर्ण समाज इसका पुरजोर विरोध करता है। योगी आशुतोष एवं स्वामी रविदेव शास्त्री महाराज ने कहा कि भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों को तत्काल प्रभाव से भारत सरकार बाहर करें। सनातन हिंदू धर्म की रक्षा के लिए संत समाज किसी भी प्रकार के आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेगा। इस अवसर पर महंत शिवम, सुतिक्षण मुनि, महंत दिनेश दास, स्वामी ज्योतिर्मयानंद, अविरल जोशी, श्रवण कुमार पांडेय, अनिल जोशी ने भी अपना विरोध जताते हुए बांग्लादेशी अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिद्वार। एजेंसी

हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने ग्राम जमालपुर कलां में सीसी मार्ग एवं दयाल एनक्लेव दुर्गा विहार में जिला पंचायत एवं ब्लॉक द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। ग्राम कॉलोनी वासियों ने सड़क निर्माण का उद्घाटन करने पर पूर्व मंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि लगातार देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने पर जनपद के कोने-कोने तक विकास कार्य हो रहे हैं। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, ब्लॉक प्रमुख आशा नेगी, यूपी ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र चौधरी, जिला पंचायत सदस्य सोहनवीर पाल, मंडल अध्यक्ष प्रणव यादव, महामंत्री सचिन पंकज चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

भारतीय सेना ने पुंछ में हरिबुद्ध फुटबॉल लीग का किया आयोजन

पुंछ। उत्साही जयकारों के बीच सेरी ख्वाजा फुटबॉल ग्राउंड में हरिबुद्ध फुटबॉल लीग की शुरूआत हुई। स्थानीय युवाओं के लिए हरिबुद्ध गांव में भारतीय सेना द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में स्थानीय गांवों की 6 टीमें भाग लेंगी जो चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। फुटबॉल लीग का आयोजन 07 और 08 दिसंबर 2024 को किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन आस-पास के गांवों के बुजुर्गों और प्रमुख हस्तियों द्वारा किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य खेल के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और उन्हें अपराध और ड्रग्स जैसी कुप्रथाओं में शामिल होने से रोकना है। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना भी है। मैचों में क्षेत्र की कई प्रभावशाली हस्तियों ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों और गणमान्य लोगों ने इस आयोजन के आयोजन और क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए भारतीय सेना के प्रयासों की बहुत सराहना की।

गुकेश ने सफेद मोहरों के साथ डिंग को हराया, 6-5 की ली बढ़त

नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंड मास्टर के डी गुकेश ने सिंगापुर में रविवार को चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ 2024 विश्व शतरंज चैंपियनशिप फाइनल में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। 11 वें दौर के बाद गुकेश ने 1 अंक की बढ़त ले ली है, उनके 6 अंक हो गये हैं, जबकि लिरेन के 5 अंक हैं। जो भी खिलाड़ी पहले साढ़े सात अंक बनाएगा वो चैंपियनशिप जीतेगा। सफेद मोहरों के साथ जीत दर्ज कर चैंपियनशिप फाइनल में पहली बार गुकेश ने बढ़त बना लिया। भारतीय ग्रैंड मास्टर को सबसे कम उम्र के शतरंज विश्व चैंपियन बनने के लिए शेष तीन राउंड ड्रा करने की जरूरत है। चैंपियन डिंग ने अपने 28वें चाल में गलती की और गुकेश की जीत पक्की हो गई। उन्होंने अपनी रानी को सी8 में खींच लिया और प्रभावी रूप से खेल को अपने प्रतिद्वंद्वी के नाम कर दिया। 11 वें राउंड की शुरूआत दोनों ने एक रेटी ओपनिंग सिस्टम खेलने के साथ शुरू किया। गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के गेम 11 में अपने 11 वें कदम पर एक घंटा बिताया। एक समय गुकेश नो सिर्फ आठ चालों के बाद एक घंटे और सात मिनट के समय का लाभ उठाया था। इसका कारण यह है कि डिंग लिरेन ने सिर्फ पांच चालों पर अपना पहला घंटे इस्तेमाल किया।

ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को 10 विकेट से हराया

- ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए और 157 रनों की बढ़त हासिल की

एडिलेड। एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले गए दूसरे टेस्ट (डे-नाइट) मैच में भारतीय टीम को 10 विकेट से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 19 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने बिना कोई विकेट गंवाए आसानी से हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर हो गई है।

सीरीज का पहला टेस्ट भारतीय टीम ने 295 रन से अपने नाम किया था। मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने पहली पारी में 180 रन बनाए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए और 157 रनों की बढ़त हासिल की। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 175 रन बनाए और 18 रन की बढ़त हासिल की। इस तरह मेजबान टीम को 19 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बिना कोई नुकसान के जीत दर्ज कर ली। सलामी बल्लेबाजी उस्मान ख्वाजा नौ रन और नाथन मैकस्वीनी 10 रन बनाकर नाबाद रहे। सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन में 14 दिसंबर से खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस ने पांच विकेट झटके, जबकि स्कॉट बोलैंड को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क ने दो विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 337 रन बनाए, हेड का शतक, लाबुशेन ने लगाया अर्धशतक

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड ने 141 गेंदों पर 17 चौके और 4 छक्के की बदौलत 140 रन बनाए। हेड के अलावा मार्नश लाबुशेन ने भी 64 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा नाथन मेकस्विनी ने 39 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने 4-4 और नीतीश रेड्डी और रविचन्द्रन अश्विन ने 1-1 विकेट लिया।

भारत की दूसरी पारी

भारतीय टीम ने रविवार को पांच विकेट पर 128 रन से आगे खेलना शुरू किया। तीसरे दिन के पहले ही ओवर में बड़ा झटका लगा। ऋषभ पंत स्लिप में कैच आउट हो गए। पंत ने 28 रन बनाए। इसके बाद रविचन्द्रन अश्विन भी कुछ खास नहीं कर सके और सात रन बनाकर आउट हो गए। हर्षित राणा खाता भी नहीं खोल सके। नीतीश रेड्डी ने जरूर बल्ले से कुछ रन बटोरे। वह अर्धशतक से चूक गए और 47 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में मोहम्मद सिराज सात रन बनाकर आउट हुए और भारत की दूसरी पारी 175 रन पर सिमट गई। इससे पहले शनिवार को दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 24 रन, केएल राहुल सात रन, शुभमन गिल 28 रन, विराट कोहली 11 रन और कप्तान रोहित शर्मा छह रन बनाकर आउट हुए थे।

भारत की पहली पारी 180 पर सिमटी

इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए। भारत के लिए नीतीश रेड्डी शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने 42 रन बनाए। नीतीश के अलावा केएल राहुल ने 37, शुभमन गिल ने 31, रविचंद्रन अश्विन ने 22 और ऋषभ पंत ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टॉर्क ने 6 विकेट झटके। स्टॉर्क के अलावा कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट लिए।

आर.बी. अकादमी के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण सहित जीते छह पदक

वाराणसी। एजेंसी

लखनऊ के चौक स्टेडियम में 7 और 8 दिसंबर 2024 को आयोजित सब जूनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिप में कानीनजुकु आर.बी.मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों 6 पदक जीते, जिनमें 1 स्वर्ण और पांच रजत पदक शामिल हैं। चैंपियनशिप में वाराणसी कराटे टीम की ओर से अकादमी के 8 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

चैंपियनशिप में आरुष देव वर्मा ने कुमिते में स्वर्ण जीता, जबकि वेदान्त मिश्रा ने काता में, आरुषि वर्मा, अदिति अहरवार,आयुष मौर्य और देवेन्द्र राय ने कुमिते में रजत पदक जीता। अकादमी के कोच अरविन्द कुमार यादव ने बताया कि आरुष देव वर्मा का चयन उत्तर प्रदेश सब जूनियर कराटे टीम हुआ है और वे राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता खेलने दिल्ली जायेंगे।

अरविन्द ने बताया कि 6 दिसंबर को रैफरी, जज और कोच के लिए सेमिनार और परीक्षा का आयोजन भी कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें एकेडमी के सीनियर ने भी हिस्सा लिया। जिसमें सेंसेई निमेष सिंह ने रैफरी बी., सेंसेई अभिषेक चौरसिया और सेंसेई विमलेश यादव ने जज बी. और सेंसेई आदर्श सोनकर ने कोच की परीक्षा उत्तीर्ण की। सभी खिलाड़ियों, रैफरी,जज और कोच को कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव क्योशी जसपाल सिंह जी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के लिए भारतीय टीम के दरवाजे पूरी तरह खुले है:रोहित शर्मा

एडिलेड। एजेंसी

भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार कहा कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के लिए ऑस्ट्रेलिया में टीम के दरवाजे पूरी तरह से खुले हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हम उनकी फीट को लेकर किसी जल्दबाजी में नहीं है एडिलेड में गुलाबी गेंद टेस्ट में भारत को 10 विकेट से मिली हार के बाद संवाददाता सम्मेलन में रोहित शर्मा ने कहा कि शमी के लिए ऑस्ट्रेलिया में दरवाजे खुले लेकिन वह चाहते हैं कि शमी पूरी तरह से फिट होने के बाद ही टीम में लौटें। टीम उनको लेकर किसी तरह की जल्दबाजी में नहीं है। उन्होंने कहा शमी के लिए टीम के दरवाजे हमेशा से खुले हैं। हम उन्हें लगातार मॉनिटर कर रहे हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेलते हुए, उनके घुटने में फिर से सूजन आ गई थी।

उस कारण से टेस्ट मैच के खेलने के लिए वह जो तैयारी कर रहे हैं, उसको थोड़ा झटका लगा है। हम उनके साथ बेहद सतर्क रहना चाहते हैं। ऐसा न हो कि उन्हें टीम में लाया जाए और फिर से उन्हें कुछ समस्या हो जाए। हम चाहते हैं कि वह पूरी तरह से फिट होने के बाद ही टीम में लौटें। हम यह बिल्कुल नहीं चाहते कि उन पर टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए किसी तरह का दबाव डाला जाए। पर्थ टेस्ट में तो जसप्रीत बुमराह की बेहतरीन गेंदबाजी के कारण भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मुश्किल परिस्थिति में भी वापसी करने में सफल रही थी। लेकिन भारत एडिलेड में ऐसा देखा गया कि बुमराह जिस दबाव को बना रहे हैं, उसे आगे ले जाने के लिए उन्हें एक और गेंदबाज की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा वह काफी समय से टेस्ट क्रिकेट से दूर हैं। कुछ ऐसे पेशेवर हैं, जो लगातार उन्हें मॉनिटर कर रहे हैं। जब भी वह मैच खेलते हैं तो उसके बाद और उसके पहले भी उनकी फिटनेस को मॉनिटर किया जाता है। हम उनकी वापसी को लेकर और उनके फिटनेस के संदर्भ में बेहद सतर्क रहना चाहते हैं।

रोहन बोपन्ना के खिलाफ खेलना आसान नहीं : सुमित

पैंथर्स ने सेमी फाइनल चरण में जगह बना ली है और नागल अपनी टीम के शिविर में ऊर्जा से उत्साहित हैं

मुंबई। एजेंसी

भारतीय टेनिस सनसनी सुमित नागल टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) सीजन 6 में स्टैंड-आउट खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। नागल पुरुष एकल और युगल वर्ग में गुजरात पैंथर्स के लिए खेल रहे हैं।

नागल ने पुरुष युगल वर्ग में भारतीय टेनिस दिग्गज रोहन बोपन्ना से मुकाबला किया और मुकाबला हार गए

गुजरात पैंथर्स ने सेमी फाइनल चरण में जगह बना ली है और नागल अपनी टीम के शिविर में ऊर्जा से उत्साहित हैं। उन्होंने फ्रेंचाइजी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा यह एक सुंदर वातावरण है। हर कोई बहुत अच्छा है और हमेशा हमारे लिए मौजूद है।

मैंने इन दो सीजन में गुजरात पैंथर्स के लिए खेलने का आनंद लिया है। लीग के पहले मैच के दिन गुजरात पैंथर्स का सामना राजस्थान रेंजर्स से हुआ, जिसमें नागल ने पुरुष युगल वर्ग में भारतीय टेनिस दिग्गज रोहन बोपन्ना से मुकाबला किया और मुकाबला हार गए। मैच पर नागल ने कहा किसी ऐसे व्यक्ति (बोपन्ना) के साथ खेलना आसान नहीं है जिसने स्लैम जीता हो। दिन के अंत में, यहां रहना और ऐसे अनुभवी खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना मजेदार है। टेनिस प्रीमियर लीग हर सीजन में खेले जाने वाले टेनिस के पैमाने, प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता के मामले में बढ़ रहा है। टीपीएल में खेलने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, नागल ने कहा यह बहुत अच्छा रहा है। यदि आप इस वर्ष खिलाड़ियों की गुणवत्ता को देखें। आप देख सकते हैं कि पहले से एक बड़ा अंतर है। अंत में, अपने भविष्य के लक्ष्यों और अपने आगे के करियर पर, नागल ने कहा, मेरा लक्ष्य अगले साल शीर्ष 50 एटीपी रैंकिंग हासिल करना है और मैं वहां रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।

गवर्नर-इलेवन ने सद्भावना क्रिकेट कप जीता

शिमला। एजेंसी

हिम स्पोर्टस एण्ड कल्चरल एसोशिएसन द्वारा रविवार को बीसीएस शिमला में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित सद्भावना क्रिकेट कप में गवर्नर-इलेवन की टीम ने जीत दर्ज की। विवेक भाटिया और आबिद हुसैन सादिक को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।

फाइनल मैच में गवर्नर-इलेवन टीम ने चीफ जस्टिस-इलेवन की टीम को 32 रनों से हराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज के मैन ऑफ द मैच विवेक भाटिया तथा पिछले कल गवर्नर एवं प्रेस के बीच खेले गए मैच के मैन ऑफ द मैच आबिद हुसैन सादिक तथा चीफ जस्टिस-इलेवन एवं सीएम-इलेवन के बीच खेले गए मैन ऑफ द मैच विकास भारद्वाज को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सद्भावना क्रिकेट कप के माध्यम से नशे के विरूद्ध जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रतिबद्धता से नशे की बुराई पर अंकुश लगाने के लिए कार्य कर रही है।

व्यापार

महंगाई आंकड़ों का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई। एजेंसी

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणी से इस महीने के अंत में ब्याज दर में चौथाई फीसदी की कटौती होने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब ढाई प्रतिशत उछले घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह नवंबर के जारी होने वाले थोक एवं खुदरा महंगाई के आंकड़ों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1906.33 अंक अर्थात 2.4 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 81709.12 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 546.7 अंक यानी 2.3 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24677.80 अंक हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों के प्रति निवेश धारणा अधिक मजबूत रही।

इससे मिडकैप 1598.87 अंक अर्थात 3.5 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 47669.72 अंक और स्मॉलकैप 1850.85 अंक यानी 3.4 प्रतिशत की उड़ान भरकर 57050.71 अंक पर बंद हुआ।

पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.65 प्रतिशत लुढ़ककर 67.17 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71.05 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार सोने और चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। एजेंसी

घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 77,770 रुपये से लेकर 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,300 रुपये से लेकर 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में आज लगातार तीसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से दिल्ली सराफा बाजार में इसकी कीमत 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना भी 77,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

यूएई और भारत के स्टार्टअप संबंधों को मजबूत बनाने के लिए फाउंडर्स रिट्रीट

दुबई/अबू धाबी। एजेंसी

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और भारत के स्टार्टअप संबंधों को मजबूत बनाने के लिए फाउंडर्स रिट्रीट का आयोजन किया गया। यूएई ने 06 से 08 दिसंबर 2024 तक फाउंडर्स रिट्रीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस रिट्रीट में भारत के 60 से अधिक प्रमुख स्टार्ट-अप के संस्थापक और यूएई के प्रमुख व्यापारिक लीडर, निवेशक और नीति निमार्ता, द्विपक्षीय निवेश साझेदारी में नई दिशाओं और अवसरों पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए।

दिल्ली में यूएई दूतावास, ऑफलाइन और यूएई-भारत सीईपीए परिषद द्वारा सह-आयोजित यह कार्यक्रम यूएई-भारत साझेदारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिसने नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

भारत में यूएई के राजदूत अब्दुलनासर अलशाली पीएचडी ने कहा संस्थापकों का रिट्रीट न केवल उद्यमशीलता की उत्कृष्टता का उत्सव है बल्कि गहन सहयोग के लिए प्रतिबद्धता भी है। यह नवाचार, निवेश और विकास को बढ़ावा देने के हमारे साझा दृष्टिकोण को दशार्ता है, जो सीमाओं से परे है। यूएई और भारतीय नेताओं को एक छत के नीचे एकजुट करने से न केवल व्यावसायिक अवसर पैदा होते हैं बल्कि वैश्विक उद्यमशीलता की सफलता के लिए एक खाका भी तैयार होता है।

ऑफलाइन के संस्थापक उत्सव सोमानी ने कहा फाउंडर्स रिट्रीट यूएई-भारत स्टार्टअप सहयोग के लिए एक उत्प्रेरक है। भारत की उद्यमशीलता प्रतिभा को यूएई के दूरदर्शी समर्थन के साथ एकीकृत करके हम वैश्विक स्टार्टअप सफलता के लिए एक लॉन्चपैड बना रहे हैं। रिट्रीट इस बात का शक्तिशाली प्रदर्शन है कि कैसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी सीमा पार नवाचार और निवेश को बढ़ावा दे सकती है।

संक्षिप्त समाचार

झालावाड़ जिले में थाना रायपुर पुलिस की कार्रवाई

- **हत्या के प्रयास के चार आरोपी गिरफ्तार : खेत से पानी का पाईप निकालने के विवाद में की थी चाकूबाजी**

चमकता राजस्थान। जयपुर/झालावाड़, (खलील कुरैश 08 दिसम्बर। झालावाड़ में थाना रायपुर क्षेत्र के ओसाव गांव में 26 नवंबर की शाम खेत से पानी का पाइप निकालने के विवाद में चाकू बाजी कर एक युवक की हत्या करने के प्रयास के मामले में पुलिस ने चार नामजद आरोपियों गोकुल सिंह पुत्र हिन्दू सिंह (58) और उसके तीन बेटों गंगाराम (43), सूरज सिंह व नारायण सिंह (38) निवासी ओसाव थाना रायपुर को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिया है।एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि 27 नवम्बर को कोटा के न्यू मेडीकल कॉलेज में उपचाररत भर्ती घायल दूले सिंह पुत्र मांगूसिंह निवासी ओसाव ने पर्चा बयान किया था कि उनका पडौसी नारायण सिंह के साथ खेत से पानी का पाईप निकालने को लेकर विवाद चल रहा था। कल शाम 7.30 बजे के करीब आपसी समझाईश के माध्यम से विवाद का हल करने वह नैन सिंह की दुकान के पास पहुंचा तभी ओडियाखेडी के रास्ता से आये नारायण सिंह, गंगाराम, सूरजसिंह, कालूसिंह, गोकुल सिंह ने मुझे रोक कर गालीगलौच की और मारपीट करने लग गये।गंगाराम ने उसे पीछे से पकड लिया तथा नारायणसिंह ने जान से मारने के लिए चाकू से कई वार किये, गोकुल सिंह, सूरज सिंह व कालूसिंह ने पत्थर व थप्पड मुक्कों से मारपीट कर वहां से भाग गये। मारपीट व चाकूबाजी में गंभीर चोटे आई। रायपुर व झालावाड अस्पताल से रैफर करने पर कोटा भर्ती कराया गया। रिपोर्ट पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान किया गया।एसपी तोमर ने बताया कि घटना को गंभीरता से लिया जाकर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी चिरंजी लाल मीणा व सीओ सुनील कुमार के सुपरविजन एवं थानाधिकारी रायपुर महावीर भार्गव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन कर वारदात में शामिल आरोपी गंगाराम, सूरज सिंह, नारायण सिंह व गोकुल सिंह को पिडावा रोड ओसाव से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। जिनकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद किये गये। अन्य फरार आरोपियों के सम्बंध में अनुसंधान जारी है।

नागौर जिले में डीएसटी व थाना पादूकलां पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- **मध्य प्रदेश से मादक पदार्थ सप्लाई करने आया आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त लग्जरी कार जब्त**
- **42 लाख रुपए कीमत का 8 किलो 395 ग्राम अवैध अफीम का दूध बरामद**

चमकता राजस्थान। जयपुर/नागौर! (खलील कुरैशी) 8 दिसम्बर। नागौर जिले की स्पेशल टीम एवं थाना पादूकलां पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश से लग्जरी गाड़ी हुंडई वेन्यू कार से मादक पदार्थ की सप्लाई करने आए एक तस्कर सत्यनारायण राठौर पुत्र कमलेश (32) निवासी चौकड़ी थाना मनासा जिला नीमच मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर 42 लाख रुपए कीमत का अवैध अफीम का दूध बरामद किया है।एसपी नारायण टोगस ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार व सीओ डेगाना जयप्रकाश के सुपरविजन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसएचओ पादूकला सत्यनारायण चौधरी एवं डीएसटी प्रभारी विजय सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अभियुक्त सत्यनारायण तेली को लग्जरी कार सहित गिरफ्तार कर 8 किलो 395 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया गया।आरोपी मध्य प्रदेश से मादक पदार्थ सप्लाई करने आया था, जिसे पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की टीम आरोपी से मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त एवं इनके गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी में डीएसटी के कांस्टेबल नरसी किलक की विशेष भूमिका रही।

शहरवासियों को प्लास्टिक से बचने के लिए हेरिटेज निगम की अनूठी पहल

- **आदर्श नगर निगम उपायुक्त युगांतर शर्मा ने की समझाइश, प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए व्यापारियों ने ली प्रतिज्ञा**

चमकता राजस्थान। जयपुर !(खलील कुरैशी)। नगर निगम हेरिटेज ने शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए अनूठी शुरुआत की है। रविवार को आदर्श नगर जोन में हेरिटेज निगम के आदर्श नगर जोन उपायुक्त युगांतर शर्मा ने बाजार में जाकर व्यापारियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत कराया। इस दौरान उपायुक्त युगांतर शर्मा ने व्यापारियों से प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ एक शपथ पत्र भी भरवाया और दुकानों के बाहर चस्पा दिया। हेरिटेज निगम की इस अनूठी पहल की सभी व्यापारियों ने समर्थन देकर प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने की शपथ भी ली। जोन उपायुक्त युगांतर शर्मा ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण हसीजा के निर्देश पर शहर लगातार प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ समझाइश की जा रही है। रविवार को आदर्श नगर जोन के ट्रांसपोर्ट नगर, खोले के हनुमान जी, दिल्ली रोड पर व्यापारियों के बीच जाकर सभी को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से अवगत कराया और प्रतिज्ञा पत्र भरवा कर शपथ भी दिलाई।

हैरिटेज महापौर कुसुम यादव एवं आयुक्त ने राइजिंग राजस्थान आयोजन से पूर्व लिया जायजा

तीन दिन अतिथि देखेंगे शहर की सुंदरता : महापौर कुसुम यादव

चमकता राजस्थान

जयपुर।(खलील कुरैशी) साल के सबसे बड़े राइजिंग राजस्थान आयोजन को लेकर नगर निगम हेरिटेज की तैयारी पूरी हो चुकी है। सोमवार से तीन दिन तक मेहमानों को जयपुर की खूबसूरती निहारने का मौका मिलेगा। यह कहना है महापौर कुसुम यादव का। राइजिंग राजस्थान आयोजन से पूर्व रविवार को हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव और आयुक्त अरुण हसीजा ने साथ में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर और आयुक्त दोनों निगम अधिकारियों के साथ बस में सवार हुए। निरीक्षण के दौरान महापौर कुसुम यादव ने सड़क सौंदर्यीकरण, डिवाइडर, गार्डनिंग, दीवारों पर रंग रोगन, सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण का दौरा रामनिवास बाग से शुरू हुआ जो कि परकोटे के विभिन्न क्षेत्रों में होता हुआ सिविल लाइन जोन में होटल जय महल पर जाकर सम्पन्न हुआ। तीन घंटे तक दोनों के व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और कुछ जगहों पर कमी होने पर निगम अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश भी दिए।

जलमहल की पाल महकेंगी फूलों की महक

महापौर कुसुम यादव ने बताया कि राइजिंग राजस्थान आयोजन को देखते हुए इस बार शहर की खास सजावट की गई है। पिछले दो महीने से पूरी हेरिटेज निगम की टीम इस कार्य में जुटी हुई थी। जल महल की पाल पर अतिथियों के लिए स्पेशल आंध्र प्रदेश और पुणे से विभिन्न वैरायटी के फूल वाले पौधे मंगाए गए है। इसके अलावा खास तरह की घास भी यहां पर बिछाई गई है। अकेले जल महल की पाल पर एक हेक्टेयर में गार्डनिंग से सजावट की गई है। वहीं पूरे निगम क्षेत्र में 10 हजार फूलों के गमले लगाए गए है।

विश्व प्रसिद्ध गुलाबी शहर में अतिथियों का होगा भव्य स्वागत

हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण हसीजा ने बताया कि महापौर कुसुम यादव के साथ दौरा किया। सड़कों और और डिवाइडर का सौंदर्यकरण किया गया है। वहीं हेरिटेज इमारतों का भी रंग रोगन किया गया है। राइजिंग राजस्थान आयोजन में आने वाले सभी अतिथियों को भव्य स्वागत किया जाएगा। निगम की ओर से सफाई व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए है। टीम बनाकर सभी को जिम्मेदारी दी गई है। तीन दिन तक शहर वासी और अतिथि शहर की खूबसूरती को निहारेंगे।

इन स्थानों पर देखी व्यवस्था

महापौर कुसुम यादव और आयुक्त अरुण हसीजा ने तीन घंटे तक रामनिवास बाग, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, हवा महल, सुभाष चौक, आमेर रोड, जोरावर सिंह गेट, जल महल, आमेर, दिल्ली रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, सी स्कीम, हसनपुरा, सोडाला, जैकब रोड और सिविल लाइन का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, उपायुक्त सिविल लाइन जनार्दन शर्मा, उपायुक्त हवामहल सीमा चौधरी, उपायुक्त स्वास्थ्य देवानंद शर्मा, उपायुक्त गैराज सरिता मल्होत्रा, उपायुक्त गार्डन मोनिका सोनी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवन कुमार वर्मा सहित इंजीनियर विंग और अन्य निगम अधिकारी मौजूद रहे।

3 दिवसीय उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस की रविवार से हुई शुरुआत

जिले के 1 लाख 51 हजार 68 बच्चे गटकेंगे दो बून्द जिंदगी की

सीएमएचओ बून्दी डॉ सामर ने डाबी बरड़ के खनन क्षेत्र के बूथों का किया सघन निरिक्षण

चमकता राजस्थान

बूँदी। बच्चो को पोलियो की बिमारी से मुक्त रखने के लिये रविवार से 03 दिवसीय उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस की शुरूवात की गई अभियान का शुभारम्भ जिला चिकित्सालय जनाना अस्पताल मे चिकत्सा विभाग और रोटरी कलव के संयुक्त तत्वाधान मै ब च्चो को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया ।इस मोके पर विधायक हरिमोहन शर्मा ने नोनीहालो को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का आगाज किया इस मोके पर डॉ0 प्रभाकर विजय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सामान्य चिकित्सालय बून्दी व डॉ0 सतीश सक्सेना जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी बून्दी एवं डॉ0 गोविन्द गुप्ता शहरी पल्स पोलियो प्रभारी , डब्लूएचओ प्रभारी डॉ राजेश गुप्ता वरिष्ठ अधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता, राकेश गोस्वामी एवं,पल्स पोलियो परियोजना समन्वयक एवं रोटरी क्लब अध्यक्ष महेश पाटोदी, रोटरी क्लब पदाधिकारी धनशयाम जोशी लक्ष्मी चन्द गुप्ता, सुरेश जखोटिया, हासम भाई, नारायण झवर, धुर्व व्यास, प्रेम प्रकाश एवरग्रीन, रितेश सोनी सहित अस्पताल के कर्मचारी एवं रोटरी क्लब के अन्य सदस्य मोजूद रहे. वही सीएमएचओ डा ओ पी सामर ने खनन क्षेत्र मे जाकर बच्चों ×को पोलियो की खुराक पिलाकर बूथ का विधिवत शुभारम्भ किया।इस दौरान सीएचसी प्रभारी डाबी डॉक्टर अविनाश शर्मा द्वा-रा उन्हें बरड़ क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्थाओ की जानकारी दी।डॉ0 सामर ने बताया कि जिले में आयोजित पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत रविवार को बूथ पर एवं सोमवार एवं मंगलवार को घर-घर जाकर दवा पिलाई जायेगी। अभियान के अन्तर्गत नवजात शिशु से ले कर 0-5 वर्ष तक के बच्चो को करीब 1 लाख 51 हजार 68 बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी, जिले में पोलियो खुराक पिलाने के लिए 749 बूथ बनाये गये, है अभियान में टीकाकरण के लिये 2996 वैक्सीनेटर व 151 सुपरवाईजर न्यूक्त किये गये है। एवं मोबाईल टीम व ट्राजिट टीम का गठन किया गया है। सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा के निर्देश पर जिले के खनन क्षेत्र डाबी, बुधपुरा, एवं खनन क्षेत्र मै विभिन्न बूथों की सघन मॉनिटरिंग की एवं खनन क्षेत्र के विभिन्न पोलियो बूथों का निरीक्षण किया उन्होंने बूथों पर जाकर नन्हें मुन्नों को पोलियो ड्राप पिलाई।

उदयपुर जिले में थाना सूरजपोल पुलिस की कार्रवाई

- **सरकारी स्कूल में तोड़फोड़ और ब्लैकमेलिंग का आरोपी तथाकथित पत्रकार कपिश भल्ला गिरफ्तार**

चमकता राजस्थान। जयपुर/उदयपुर, 8 नवंबर। उदयपुर में शनिवार को सूरजपोल थाना अंतर्गत एक सरकारी स्कूल में तोड़फोड़ करने, वीडियो ग्राफी कर वीडियो सोशल मीडिया और न्यूज़ पर चलने की धमकी देकर विद्यालय प्रशासन से 50 हजार रुपये की मांग करने के मामले में थाना पुलिस ने आरोपी तथाकथित पत्रकार/यूट्यूबर कपिश भल्ला निवासी रामद्वारा चौक भोपालवाड़ी थाना धानमण्डी को गिरफ्तार कर लिया है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि शनिवार को सूरजपोल थाना अंतर्गत राजकीय फतेह उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य चेतन पानेरी द्वारा रिपोर्ट दी गई कि आज कपिश भल्ला नामक व्यक्ति उनके स्कूल आया। जिसने अपने आप को पत्रकार बताया। आरोपी ने बिना अनुमति विद्यालय में घुस कम्प्यूटर लैब का ताला व दरवाजा तोड़ा। स्कूल में लगे पंखे, खिड़कियों तथा कम्प्यूटर केबल, स्वीच तोड़कर पूरा सामान बिखेर वीडियोग्राफी की। उसके बाद वीडियो सोशल मीडिया व न्यूज में चलाने की धमकी देकर विद्यालय प्रशासन से 50 हजार रूपये की मांग की एवं सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाया। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी गोयल के निर्देशानुसार अति पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ छगन पुरोहित के सुपरविजन में एसएचओ रतन सिंह मय टीम द्वारा विद्यालय में अनाधिकृत रूप से घुस तोड़फोड़ कर सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाने वाले तथाकथित पत्रकार/यूटयूबर कपिश भल्ला को डिटेन कर मौके पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए गिरफ्तार कर लिया।

अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास पर खरी उतरेगी दरगाह सम्पर्क सड़क पुलिस चौकी : विधानसभा अध्यक्ष

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 8 दिसम्बर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और उन्हें सुगम प्रशासन देना राज्य सरकार का दायित्व है। इस दायित्व के निर्वहन के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। किसी भी अपराधी और असामाजिक तत्व को आमजन की सुरक्षा व शांति में खलल डालने नहीं दिया जाएगा। दरगाह सम्पर्क सड़क पुलिस चौकी भी पुलिस के आप्त वाक्य "अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास" पर खरी उतरेगी। यह चौकी क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाएगी।विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर में दरगाह सम्पर्क सड़क पुलिस चौकी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देवनानी ने कहा कि दरगाह सम्पर्क सड़क एवं इसके आसपास के इलाकों में आमजन की ओर से लगातार यह शिकायतें आती रही हैं कि असामाजिक तत्व आते जाते लोगों व क्षेत्र में रहने वालो को परेशान करते रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई में भी समय-समय पर इस इलाके में अपराधियों की शरण व गतिविधियां सामने आती रही है। इस कारण लम्बे समय से पुलिसिंग को बेहतर बनाने की दिशा में काम चल रहा था। पिछले विधानसभा सत्र से पहले मुख्यमंत्री से इस सड़क पर पुलिस का स्थाई इंतजाम करने के लिए आग्रह किया गया और उन्होंने यहां पर पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मंजूरी दे दी। देवनानी ने कहा कि दरगाह सम्पर्क सड़क पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत के कार्यकाल में बनाई गई थी। इस सड़क का उद्देश्य यह था कि दरगाह जियारत पर आने वाले वीआईपी लोगों व आगे के क्षेत्रों में लोगों को आवागमन के लिए एक वैकल्पिक मार्ग मिले। साथ ही आमजन या किसी अन्य प्राकृतिक आपदा के दौरान सरकारी संसाधनों को बिना बाधा के आगे के क्षेत्रों में पहुंचाया जा सके। यह सड़क अपने उद्देश्य में सफल भी रही। बाद के वर्षों में पहाड़ियों पर अवैध कब्जों और शरण लेकर यहां रहने वाले अपराधियों के कारण आमजन में डर बना। इस सड़क व आबादी को पूर्णतः सुरक्षित करने के लिए यह चौकी बनाई जा रही है। यहां चौकी बनने से क्षेत्र की पुलिसिंग और ज्यादा मजबूत होगी। चौकी आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय के अपने मूलमंत्र पर खरी उतरेगी।देवनानी ने कहा कि इस चौकी के बनने से आसपास के क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों व अपराधियों पर अंकुश लगेगा तथा कानून का इकबाल बुलंद होगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क का नव निर्माण व अस्थाई पुलिस चौकी का निर्माण पर उनके आग्रह पर ही किया गया था। इसके साथ ही यहां पर सामुदायिक भवन भी बनवाया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि चौकी का निर्माण तय समय सीमा में करवाया जाए। साथ ही यहां पर पूरी तरह से मुस्तैद व सख्त पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की जाए ताकि आमजन निर्भय होकर रह सके।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा रमेश सोनी सहित जन प्रतिनिधि,आमजन व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929